श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 208, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 28 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत का मिशन चंद्रयान, नारी शक्ति का भी जीवंत उदाहरण: मोदी

## मन की बात: भारत के चंद्रयान ने ये साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के जरिए संबोधित किया। यह मन की बात का 104वां एपिसोड था। पीएम ने अपने संबोधन की शुरूआत चंद्रयान 3 की सफलता के साथ की। पीएम ने कहा- भारत के चंद्रयान ने ये साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं। मिशन चंद्रयान नए भारत की उस स्पिरिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है, और हर हाल में, जीतना जानता भी है। इसके बाद पीएम मोदी ने जी-20 बैठक का जिक्र किया। उन्होंने कहा- सितंबर का महीना, भारत के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, पर्यटन, डेयरी इंडस्ट्री और हर घर तिरंगा अभियान पर भी बात की।

पीएम ने चंद्रयान मिशन को लेकर कहा - साथियों, आपको याद होगा इस बार मैंने लाल किले से कहा है कि हमें महिलाओं के नेतृत्व में डेवलपमेंट को राष्ट्रीय चरित्र के रूप में सशक्त करना है। भारत का मिशन चंद्रयान, नारीशक्ति का भी जीवंत उदाहरण है। इस पूरे मिशन में अनेकों महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर्स सीधे तौर पर जुड़ी रही हैं। भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने




वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। किसी देश की बेटियां जब इतनी आकांक्षी हो जाएं, तो उस देश को विकसित बनने से भला कौन रोक सकता है।

पहली बार वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में 26 मेडल जीते, पीएम ने तारीफ की: खेल पर बात करते हुए पीएम ने कहा- कुछ ही दिनों पहले चीन में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए थे। इन खेलों में इस बार भारत का प्रदर्शन अब तक का सबसे अच्छा रहा।

हमारे खिलाड़ियों ने कुल 26 पदक जीते, जिनमें से 11 गोल्ड मेडल थे। आपको ये जानकर अच्छा लगेगा कि 1959 से लेकर अब तक जितने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हुए हैं, उनमें जीते सभी मेडल्स को जोड़ दें तो भी ये संख्या 18 तक ही पहुंचती है। इतने दशकों में सिर्फ 18, जबकि इस बार हमारे खिलाड़ियों ने 26 मेडल है।

### देशवासियों से अपील, जब मौका मिले देश की विविधता जरूर देखें

**पर्यटन** पर बोलते हुए पीएम ने कहा - मेरे परिवारजनों, मन की बात के कई एपिसोड में हमने टूरिज्म पर बात की है। चीजों या स्थानों को साक्षात देखना, समझना और कुछ पल उनको जीना, एक अलग ही अनुभव देता है। मैं अक्सर आप सभी से ये आग्रह करता हूं कि जब मौका मिले, हमें अपने देश की सुंदरता, अपने देश की विविधता को जरूर देखने जाना चाहिए। अक्सर हम भले ही दुनिया का कोना-कोना छान लें लेकिन अपने ही शहर या राज्य की कई बेहतरीन जगहों और चीजों से अनजान होते हैं।

## निराश्रित गोवंश को प्रदेश में संचालित गो संरक्षण केंद्रों तक पहुंचाने और हरे चारे की व्यवस्था करने के आदेश, पोर्टल पर अपडेट होगी आश्रय स्थल की हर जानकारी

# यूपी: सड़कों पर नहीं दिखेंगे निराश्रित गोवंश

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की सड़कों पर अब निराश्रित गोवंश भटकते नजर नहीं आएंगे। योगी सरकार ने इनकी सुरक्षा और देखभाल के लिए कड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निराश्रित गोवंश को पहले से संचालित गो सरक्षण केंद्रों तक पहुंचाने, उनके लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने और समय-समय पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिये हैं। साथ ही जिलाधिकारियों को इसे अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगातार प्रदेश भर में सड़कों पर निराश्रित गोवंश की तादाद बढ़ने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर सीएम योगी ने पहले भी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी, जिसके बाद काफी सुधार भी देखने को मिला है और अब योगी सरकार ने इस दिशा में और तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये हैं, ताकि प्रदेश की सड़कों पर एक भी निराश्रित गोवंश न दिखे।

अतिरिक्त गो आश्रय स्थल बढ़ाने के लिए जल्द तैयार करें कार्ययोजना: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निराश्रित गोवंश की सुरक्षा और देखभाल का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में गो आश्रय स्थल बढ़ाने को कहा है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश भर में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 6889 आश्रय स्थल संचालित हैं, जिसमें 6346 ग्रामीण और 543 शहरी क्षेत्रों में मौजूद हैं। इन आश्रय स्थलों में वर्तमान समय में 1182949 निराश्रित गोवंश की देखभाल की जा रही है। सीएम योगी ने विभाग को प्रदेश में गो आश्रय स्थल बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है ताकि इसे कैबिनेट में शामिल कर बजट जारी किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश आश्रय स्थलों के वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रबंधन मजबूत करने को भी कहा है, जिससे आश्रय स्थल की स्थिति में सुधार आ सके। वहीं सीएम योगी ने हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गोचर भूमि की जियो टैगिंग एवं कब्जा मुक्त करा कर नेपियर घास लगवाने को कहा है।

### 'पोर्टल पर अपडेट होगी आश्रय स्थल की हर जानकारी'

**अपर** मुख्य सचिव पशुधन डॉ. रजनीश दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक निराश्रित गोवंश की गो आश्रय स्थलों पर रहने की उचित व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के टूटे हुए कैटल शेड की मरम्मत कराने के साथ खडंजा इंटरलॉकिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं यहां काम करने वाले मजदूरों के मानदेय बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है।

साथ ही आश्रय स्थल से संबंधित सभी जानकारियों को पोर्टल पर अपडेट करने पर जोर दिया जा रहा है ताकि यह पता चल सके कि किस गो आश्रय स्थल पर कितने निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया गया है और वहां पर और कितने गो वंश को संरक्षित किया जा सकता है। इतना ही नहीं जिलाधिकारी द्वारा समय-समय पर आश्रय स्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच की जाएगी। वहीं अधिकारियों द्वारा ऐसे हॉट स्पॉट का भी चिन्हांकन होगा जो निराश्रित गोवंश के लिए अत्यंत जोखिम वाले हैं। इनमें नगरीय मंडी और नदी तट आदि शामिल हैं।



### बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करेगी योगी सरकार

**लखनऊ:** उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सरकार की ओर से जनपद और विकास खंड स्तर पर गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। इन गतिविधियों में ब्लॉक स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, प्रदेश के अंदर और प्रदेश के बाहर बच्चों की एक्सपोजर विजिट जैसी गतिविधियों को सुनिश्चित किया जाना है। इन कार्यक्रमों के संचालन के लिए सरकार ने वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में 17.46 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसे जनपदों को जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान' भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है। योगी सरकार इसी कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ा रही है।

ब्लॉक स्तर पर होगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद के द्वारा समस्त जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को गतिविधियों के संचालन से संबंधित कार्ययोजना और निर्देश जारी किए हैं।

# स्पेस सेक्टर में ज्यादा इंवेस्टमेंट की जरूरत: इसरो चीफ

## प्राइवेट फर्म्स छोटे सैटेलाइट लॉन्चर बनाएंगी, एचएएल समेत 20 कंपनियां बोली लगा सकती हैं

**बेंगलुरु: चंद्रयान-3** की सफलता से स्पेस वेंचर में इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद तेजी से बढ़ी है। बीते हफ्ते इसरो के सप्लायर्स और उनसे जुड़ी कंपनियों के शेयर्स की कीमतों में भी तेजी देखी गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक लार्सन एंड टूब्रो और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स समेत 20 कंपनियां स्मॉल सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल के प्राइवेटाइजेशन के लिए होने वाली नीलामी में बोली लगा सकती हैं। इस बीच, इसरो चीफ




एस सोमनाथ का भी एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत के पास चंद्रमा, मंगल और शुक्र की यात्रा करने की क्षमता है लेकिन हमें और ज्यादा इन्वेस्टमेंट की जरूरत है।

### अशरफ की पत्नी बुर्के में पहुंची हाईकोर्ट

**प्रयागराज: प्रयागराज** से बुर्का पहने एक महिला की फोटो सामने आई है। दावा किया जा रहा है कि महिला माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब है। वह उमेश पाल शूटआउट केस में वांटेड है। जैनब ने इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचकर अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है आइडेंटिफिकेशन सेंटर में जाकर फोटो भी खिंचवाई। मगर, पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह फोटो कब की है? इस पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने हाईकोर्ट के ।

# मदुरै ट्रेन हादसे में यूपी की ट्रैवल एजेंसी पर केस



**तमिलनाडु: तमिलनाडु** के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह करीब 5:15 बजे ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लगी थी। इसमें यूपी के 63 लोग सवार थे, जिनमें 9 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु के मदुरै जंक्शन के पास शनिवार को ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लग गई थी। इस मामले में जीआरपी ने यूपी के सीतापुर स्थित भसिन ट्रैवल एजेंसी के खिलाफ केस दर्ज किया। ट्रैवल एजेंसी संचालक ने आईआरसीटीसी के जरिए कोच बुक किया था। इस कोच में यूरी के 63 लोग सफर कर रहे थे, जो दक्षिणी राज्यों की यात्रा पर निकले थे। 26 अगस्त की तड़के हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक झुलस गए। घायलों में 8 लोग गंभीर रुप से घायल हैं। हादसे के बाद दक्षिण रेलवे ने इसकी जांच शुरू कर दी है। जांच में पाया गया कि आग ट्रेन में रखे घरेलू गैस सिलेंडर की वजह से लगी थी। जिसे अवैध तरीके से ट्रेन में रखा गया था। कोच में लकड़ी और कोयला भी मिला है।

ट्रेन रुकने पर यात्रियों के लिए लकड़ी और कोयले पर खाना बनता था: हादसे में जिंदा बचे अशोक कुमार प्रजापति ने बताया कि ट्रैवल एजेंसी के अटेंडेंट्स कोच में टॉयलेट एरिया की तरफ खाना बनाते थे। ट्रेन रुकने पर लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल होता था। सफर के दौरान गैस चूल्हे पर खाना बनता था। ये प्राइवेट कोच 25 अगस्त को नागरकोल जंक्शन पर पुनालूर-मदुरै एक्सप्रेस (16730) से जुड़ा था।

# बंगाल में अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 5 की मौत

**कोलकाता: पश्चिम बंगाल** के उत्तर 24 परगना जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को ब्लास्ट हो गया। घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। इसका सही आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है।

कोलकाता पुलिस के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष के हवाले से बताया कि हादसा कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर दूर नीलगंज में मोशपोल इलाके में सुबह 10 बजे हुआ। पटाखा फैक्ट्री दत्तपुकुर में



है। हादसे के वक्त कई लोग फैक्ट्री में काम कर रहे थे। कोलकाता पुलिस ने कहा कि अब तक 5 शव मिले हैं।


विस्फोट में कई लोग घायल हुए हैं। धमाका इतना भयानक था कि लोगों के चीथड़े आस-पड़ोस की छतों पर जाकर गिरे।

## सतह पर करीब 50 डिग्री तापमान, 80 मिलीमीटर की गहराई में माइनस -10 डिग्री

# चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने पहला ऑब्जर्वेशन भेजा

**बेंगलुरु: चंद्रयान-3** के विक्रम लैंडर में लगे चास्टे पेलोड ने चंद्रमा के तापमान से जुड़ा पहला ऑब्जर्वेशन भेजा है। यानी सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट के मुताबिक चंद्रमा की सतह और अलग-अलग गहराई पर तापमान में काफी अंतर है। चंद्रमा के साउथ पोल की सतह पर तापमान करीब 50 डिग्री सेल्सियस है। वहीं, 80 की गहराई में माइनस 10त्ठ टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। चास्टे में 10 टेम्प्रेचर सेंसर लगे हैं, जो 10 यानी 100 की गहराई तक पहुंच सकते हैं।

साउथ पोल का तापमान पता चलने



का फायदा क्या?: इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया था कि उन्होंने चंद्रमा के साउथ पोल को इसलिए चुना, क्योंकि यहां भविष्य में इंसानों को बसाने की क्षमता हो सकती है। साउथ पोल पर सूर्य का प्रकाश कम समय के लिए रहता है। अब जब चंद्रयान-3 वहां के तापमान समेत अन्य चीजों की स्पष्ट जानकारी भेज रहा है तो वैज्ञानिक अब यह समझने की कोशिश करेंगे कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की मिट्टी वास्तव में कितनी क्षमता रखती है।

चंद्रयान-3 के साथ कुल 7 पेलोड भेजे गए हैं: चंद्रयान-3 मिशन के तीन हिस्से हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर और रोवर। इन पर कुल 7 पेलोड लगे हैं। एक पेलोड, जिसका नाम शेप है, वह चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल पर लगा है। ये चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगाकर धरती से आने वाले रेडिएशन की जांच कर रहा है।

## दो से ज्यादा बार जीत चुके सांसद संगठन में भेजे जाएंगे; राज्यसभा में 80% एक्सपर्ट्स को मौका

# 2024 लोकसभा चुनाव में 150 नए प्रत्याशी उतारेगी भाजपा

**नई दिल्ली: लोकसभा** चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉमूर्लो पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है। इनमें 41 से 55 साल की उम्र के प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होगी। भाजपा के एक महासचिव ने कहा कि पहली लोकसभा में 26% सदस्यों की उम्र 40 से कम थी। बाद में संसद में युवा प्रतिनिधित्व कम होता गया। लोकसभा में तीन



से 11 बार तक चुनाव जीतने वाले सांसदों की संख्या बढ़ती गई। इसे देखते हुए पार्टी दो या इससे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीत चुके नेताओं में से ज्यादातर को संगठन की जिम्मेदारी देने जा रही है। इसके अलावा अपवाद को छोड़कर किसी को राज्यसभा दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा।

80% ऐसे लोगों को मौका मिलेगा जो कानून, चिकित्सा, विज्ञान, कला, आर्थिक मामले, तकनीक, पर्यावरण और भाषा के जानकार हों। दस सीट पर चुनाव हुए तो 2 ही ऐसे प्रत्याशी होंगे जो जातीय समीकरण या संगठन में योगदान के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे।

युवा आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं पीएम मोदी: देश में 65% से ज्यादा युवा हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं।

# हर भारतीय के रगों में रचा-बसा है वसुधैव कुटुम्बकम का भाव : नड्डा

**हरिद्वार: भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि वैचारिक पृष्ठभूमि के अंतर्गत हर भारतीय के रगों में वसुधैव कुटुम्बकम् का भाव रचा बसा है। भारत इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की दिशा में मानवता के लिए कार्य कर रहा है। भारत की सोच विकास को प्राप्त करना और साथ ही अपनी विरासत को संभाल कर रखना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने बतौर मुख्य अतिथि रविवार को यहां हरिद्वार स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में जी-20 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम् विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यानमाला को संबोधित कर ते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री जैसे विरले लोग हैं, जिन्होंने करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव के लिए कार्य किया है। आचार्यश्री के सामाजिक, आध्यात्मिक आंदोलन से हम बदलेंगे, युग बदलेगा जैसे आदर्श वाक्य को अपना कर मैंने जीवन में बहुत कुछ पाया है। उन्होंने कहा कि देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में योग, आयुर्वेद आदि विषयों में हो रहे अनुसंधान मानवता के विकास की दिशा महत्वपूर्ण पहल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आचार्य श्री ने हम बदलेंगे, युग बदलेगा का मंत्र देकर समाज में जो जन जागृति लाने का पुनीत कार्य किया, इसके लिए आने वाली पीढ़ियां सदैव उनकी ऋणी रहेंगी। शांतिकुंज ज्ञान चेतना की गंगोत्री है।

उन्होंने कहा कि आचार्यश्री ने गायत्री माता व यज्ञ को घर-घर स्थापित करने और सनातन संस्कृति को पुनर्भाषित किया है। साथ ही उनके सिद्धांतों पर गायत्री परिवार द्वारा साधना, शिक्षा, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, जनशक्ति का संरक्षण और युवाओं को संगठित करने का कार्य किया जा रहा है, यह अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने जी-20 की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

**खबर संक्षेप**

## नशे में धुत भाई ने बहन को मार पीट कर किया घायल दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** दुकान पर बैठी बहन को उस का भाई नशे में धुत हो कर आया और बहन को मार पीट कर घायल कर दिया एंव दुकान में रखा सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल बहन ने थाने में तहरीर दे कर भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गुलकाईपुर गांव निवासनीय आशा देवी पत्नी जयप्रकाश का आरोप है कि वह दुकान पर बैठी थी। तभी उसका सगा भाई दारू पीकर आया। आरोप है कि मार पीट कर जख्मी कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। आशा देवी ने थाने में तहरीर दे कर अपने भाई कमलेश कुमार पुत्र कल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# गैर इरादतन हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

अखंड भारत संदेश

**बारा।** शंकरगढ़ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रकरण में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी रेलवे स्टेशन के पास से तालापार रोड से की गई थी। अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल भी बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गाढ़ा कटरा की रहने वाली ममता पत्नी सूर्यभान ने 22 अगस्त को तहरीर देकर बताया था कि एक दिन पहले की रात में नौ बजे दिनेश उर्फ साधु पुत्र मुन्ना, मथुरा पुत्र पराग उर्फ कुदानी, मुन्ना पुत्र स्व. जमुना (निवासीगण गाढ़ा कटरा, शंकरगढ़) और बब्बू पुत्र राम सजीवन (राजगढ़, थाना सिरमौर, रीवा, एमपी) ने एक राय होकर उसके पति को मामूली विवाद में



जमकर मारा पीटा था। एसआई अमरेंद्र सिंह ने बताया कि लाठी-डंडा और पत्थर से किए गए हमले में पति सूर्यभान मरणासन्न हो गए। 108 एंबुलेंस से सूर्यभान को सीएचसी शंकरगढ़ ले जाया गया, जहां से उन्हे एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। एसआरएन में इलाजरत सूर्यभान की 23 अगस्त को मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने पहले धारा 147, 149, 323, 336, 308, 504, 506 का केस लिखा था। सूर्यभान की मौत के बाद मामला धारा 147, 149, 323, 336, 304, 504, 506, 201 में तरमीम कर दिया गया। मामले की जांच के दौरान आरोपीगणों दिनेश उर्फ साधु पुत्र मुन्ना, मथुरा पुत्र पराग उर्फ कुदानी, मुन्ना पुत्र स्व0 जमुना और बब्बू पुत्र राम सजीवन को आज धर दबोचा गया। चारों की निशानदेही पर तीन लाठी और पत्थर का टुकड़ा बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंएसआई अमरेंद्र सिंह के साथ कांस्टेबल दीप कुमार, शशिकांत यादव, पुत्तीलाल और रोहित कुमार भी शामिल रहे।

## चोरी के अभियोग में 02 अभियुक्त को कौंधियारा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर संतोष कुमार मीणा के निर्देश के क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कौधियारा राजीव यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कौधियारा संजय कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में गठोत पुलिस टीम द्वारा थाना कौंधियारा में पंजीकृत मु0अ0सं0- 164/2023 धारा 379 भा0द0वि0 में वांछित 02 अभियुक्त 1. सुदर्शन कुमार पुत्र गीता प्रसाद बिन्द ग्राम खपटिहा थाना कौंधियारा प्रयागराज 2. अनिल कुमार बिन्द पुत्र स्व0 जगदम्बा प्रसाद ग्राम खपटिहा थाना कौंधियारा प्रयागराज को थाना कौधियारा पुलिस द्वारा आज दिनांक 27.08.2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कौंधियारा से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से चोरी की 01 अदद पानी की मोटर पम्प बरामद की गयी। नियमानुसार अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## उपचार कराने के नाम पर सगे भाईयों और मामा ने लाखों रुपये ऐंठा

अखंड भारत संदेश

**उपचार के नाम पर धोखा छोटे भाई की मौत, फ्राड का मुकदमा दर्ज**

**मऊआइमा।** बदनीयत सगे भाइयों और मामा ने बीमार छोटे भाई का उपचार के लिए बैंक के खाते से लाखो रुपया, कार, बाइक, खेत सब कुछ फ्राड करके हजम कर लिए। तथा इलाज न कराने से मौत पर पत्नी ने अपने तीन जेठों और उनके मामा के खिलाफ जालसाजी, फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकफात्मा उर्फ माधवपुर निवासनीय नीतू मौर्या पत्नी स्वर्गीय राजीव कुमार मौर्या का कथन है कि उसके पति किडनी रोग से ग्रस्त थे। डाक्टरों ने किडनी ट्रांसफर करने को बोले। जिन्हें प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि उसने अपने खाते से सात लाख रुपये अपने जेठों एंव मामा के नाम ट्रांसफर कर दिए यही नहीं कार, बाइक भी पति के इलाज के लिए बेच कर दे दिया ताकि पति का इलाज सही ढंग से हो सके। नीतू मौर्या का आरोप है कि उसके जेठों और जेठों के मामा ने पति का उपचार नहीं कराए बल्कि मौका देख कर उसके पति राजीव कुमार के नाम खेत वगैरा अपने अपने पत्नियों के नाम फ्राड करके करवा लिए। नीतू मौर्या का आरोप है कि उसके और उसके पति के साथ इलाज के नाम पर जेठों ने बहुत बडा फ्राड किए। जिससे उसके पति राजीव कुमार की 27 जनवरी 2023 को देहशांत हो गया। जब वह पति के मौत के सदमे से उठी तो सारी सच्चाई मालूम हुई। तो नीतू मौर्या ने मऊआइमा थाने में अपने सगे जेठ संजय कुमार मौर्या, रवींद्र मौर्या, अनिल कुमार मौर्या पुत्रगण स्वर्गीय मसूरियादीन तथा पति के मामा गुलजारी मौर्या पुत्र रामदेव मौर्या निवासी ककरैला रीवां मध्यप्रदेश के खिलाफ जाल साजी फ्राड का मुकदमा दर्ज करा दी है।

# जसरा में विशाल कजरी महोत्सव का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** विकासखंड जसरा के प्रांगण में विशाल कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया। कजरी महोत्सव के मुख्य अतिथि रहे ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह (पप्पू छतहरा) ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं कजरी महोत्सव में लगभग 54 कलाकारों ने अपने-अपने कजरी। गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। जिसमें दूरदर्शन के कलाकार श्याम लाल बेगाना का पिया तोहरे बिना लागे न औघाई पिया सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रीती भारती का सावन मास घास लागे हरी हरी पिया सुनाया। कजरी महोत्सव में मोहिनी श्रीवास्तव का पिता मेंहदी मंगाइद मोती झील से सुनाकर गजब तालियां बटोरी। वहीं चित्रकूट से आये विद्यार्थी राम प्रसाद ने हरे रामा भईजत मोरी चुनरिया, बदरिया बरसे रे हारी सुनाया। सत्यवान सत्यार्थी का अबकी सावन खेलइ कजरिया, पिया नैहरवा जाई द ना, चंद्रावती का श्याम जन्म लिए जेल की कोठारिया में रात की अंधियरिया में ना, सीमा शर्मा ने सैंया नाही चली मनमनिया , रिमझिम बरसे पनिया ना सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। नखरा छोड़ि चला मोरी धनिया कैसे होई रोपइया ना श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया लोक गायकों की कजरी सुनकर श्रोता विह्वल हो गये और झूमने लगे। कजरी महोत्सव का आयोजन डॉ० राजेश कुमार विद्यार्थी व अलेक्स फाउंडेशन के द्वारा कराया गया अलेक्स फाउंडेशन के प्रोपराइटर डॉ०पवन यादव द्वारा सभी सम्मानित जनों व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन धनराज व संचालन संचालन जमुनापारी कजरी महोत्सव के आयोजक अशोक बेशरम द्वारा किया गया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिआर डी वर्मा,डा पवन यादव,धीरज कुमार ऋतुराज,जगत नारायण शुक्ला, देवमुनि,फूलचंद पटेल, मुन्ना पाल, सुरेश द्विवेदी, गंगा कुशवाहा के साथ हीअलेक्स पैथोलॉजी जसरा, अंजली मेडिकल स्टोर, स्टार मेडिकल स्टोर जसरा, शिवेंद्र कुमार शिक्षक, देवेंद्र कुमार शिक्षक, राजेश कुमार साहू प्रधान प्रतिनिधि गौहनिया, महेंद्र कुमार प्रधान प्रतिनिधि सोनवै, राकेश जनरल स्टोर जसरा द्वारा सहयोग किया गया।

## सहायक पुलिस आयुक्त मेजा द्वारा लंबित विवेचना को शीघ्र निस्तारण एवम आई जी आर एस का शीघ्र निस्तारण करने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा विमल किशोर मिश्र द्वारा थाना मेजा में बैठक कर लंबित विवेचनाओ को गुण एवम दोष के आधार पर निष्पक्षता पूर्वक विवेचकों को विवेचना करने का निर्देश दिया गया।एवम आई जी आर एस को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय, चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह,चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार, चौकी प्रभारी जेवनिया बृजेश तिवारी, चौकी प्रभारी मेजारोड़ विशाल सिंह व थाना के अन्य उपनिरीक्षक /विवेचक उपस्थित रहे।





# भगवान भोलेनाथ के मंदिर में महिलाओं ने किया भंडारे का आयोजन

**महिलाओं ने भजन कीर्तन के बाद कन्या पूजन किया**

**नैनी।** नैनी श्रावण मास के आखरी में नैनी डाकखाना नगर महापालिका स्कूल के बगल भगवान भोलेनाथ के मंदिर में बड़ी संख्या में श्र्धालुओ ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और साथ ही भजन कीर्तन, कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे मंदीर के समीप के पुरुषो, महिलाओं एवं बच्चों ने सहयोग दिया।दोपहर 2:00 बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमे बड़ी संख्या मे श्र्धालुओ ने महादेव का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उपास्थित कुछ मुख्य जन जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग दिया गीता केशरवानी, नीतू केशरवानी, दिव्या चौरसिया,मीना, मालती ,गायत्री, खुश्बू, दीक्षा, शक्ति, कत्यानी सुरेश केशरवानि निधि स्टूडियो, सुनील केशरवानि, संजय साहू, कोको दादा,भोलेनाथ, संजय, आदर्श, कारन, मयंक, और आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं राहुल गांधी : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** देश संकट में है। न जाने गौतम, गांधी की धरती पर किसकी काली नजर पड़ी कि पूरे देश को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने का कुत्सित प्रयास हो रहा है।उक्त बातें राज्यसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उप नेता श्री प्रमोद तिवारी जी ने जिला कांग्रेस कमेटी जमुना पार के अध्यक्ष श्री अरुण तिवारी जी के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहीं।उन्होंने कहा कि मणिपुर जल रहा है। अर्थव्यवस्था खतरे में है। मोदी सरकार हर हाल में छोटे व्यापारियों, नौजवानों, किसानों और मध्यम वर्ग को पूरी तरीके से नस्तो नाबूत करने पर आमादा है। ऐसे में हमारे नेता राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। हकीकत में हम हिंदुस्तान के दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं। और मुझे पूरा यकीन है कि पूरा इंडिया, इंडिया के साथ खड़ा होगा। इंडिया जीतेगी फिर हिंदुस्तान में 24 में एक नया सवेरा होगा जो हिंदुस्तान के किसानों, मजदूरों नौजवानों, व्यापारियों, वैज्ञानिकों और हर वर्ग के आशा और विश्वास को शक्तिशाली बनाएगा। मजबूत बनाएगा। भारत फिर से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।श्री तिवारी ने कहा गांधी के देश में गोडसे की विचारधारा की कोई जगह नहीं है। इसलिए हम सब मिलकर साथ में लड़ेंगे और इस विचारधारा को पूरी तरीके से खत्म करके ही दम लेंगे।ज्ञात हो कि जमुना पार के अध्यक्ष अरुण तिवारी के नवजात पौत्र कि पिछले दिनों इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी।श्री तिवारी के साथ पूर्व विधायक विजय प्रकाश, पूर्व महासचिव सुधाकर तिवारी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा सुमन, गंगा पार के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मुकुंद तिवारी, प्रदेश सचिव संजय तिवारी, उज्जवल शुक्ला, हरिकेश तिवारी, पूजायिल हाशमी, अनिल पांडे, गौरव पांडे, डॉक्टर दिनेश सोनी, पंडित आसाराम मिश्रा, माता अंबर मिश्रा, राम अनुग्रह मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, अनुपम श्रीवास्तव, डॉ दिनेश सोनी, डॉक्टर शीतला प्रसाद पांडे, राम छबीले मिश्रा, आनंद प्रकाश शुक्ला, चंद्र प्रकाश द्विवेदी और आनंद पांडे आदि लोग शामिल रहे।

## लोगों ने उत्साह के साथ सुनी पीएम के मन की बात



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के ग्राम सभा उमरी में बूथ संख्या 157 पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में किसानों, छात्रों तथा भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी की 104 वां एपिसोड में बड़े ही उत्साह के साथ मन की बात को सराहना करते हुए सुना। इस अवसर पर संजय सिंह, राजेंद्र यादव, लाल चंद्र गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, अमन सिंह राजपूत सहित आदि ग्रामीण, किसान व नवयुवक उपस्थित रहे। इसी प्रकार सहसों बाजार में बूथ संख्या 190 के बूथ अध्यक्ष जयेस केशरवानी के आवास पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकताओं, व्यापारियों एवं छात्रों ने बड़े ही लगन के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात को ध्यान से सुना। इस अवसर पर जिला संयोजक भाजपा नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, मनोज तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, शिव बाबू केसरवानी, अंकित सरोज, महेश सिंह, राजेश सरोज, संतोष सिंह, सुभाष शुक्ला, राकेश विश्वकर्मा, रमेश पटेल, पुष्कर सिंह, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर सहित आदि लोगों ने मन की बात को सुना। इसी क्रम में ग्राम सभा देवनहरी में ग्रामीणों, युवाओं, छात्रों एवं मजदूरों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में चंद्रयान 3 की सफलता का उल्लेख, युवाओं के लिए खेल के प्रति बढ़ते रुझान पर जिक्र करते हुए आने वाले त्योहारों के लिए समस्त देशवासियों को प्रधानमंत्री मोदी ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रमुख रूप से लक्ष्मी प्रसाद शुक्ला, श्रीकांत मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, नितिन शुक्ला, कुश मिश्रा, प्रिंशू शुक्ला सहित आदि ग्रामीण मन की बात सुनते हुए मौजूद रहे।

### न्यूज झरोखा

#### वोटर चेतना अभियान को लेकर भाजपाइयों की हुई बैठक



**सहसों।** भाजपा मंडल सहसों कार्यालय पर पार्टी द्वारा वोटर चेतना अभियान कार्यक्रम संबंधी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा गंगापार मनोज निषाद ने बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी द्वारा संगठन के लिए दिशा निर्देशित वोटर चेतना अभियान कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने भी उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को वोटर चेतना अभियान के बारे में बताते हुए संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मृगेंद्र सिंह, पवन कुमार शुक्ला, संजय सिंह, राजधर द्विवेदी, महेश पटेल, अमन सिंह राजपूत, राजेंद्र यादव सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### बूथों पर भाजपा कार्यकताओं ने सुनी मन की बात



**प्रयागराज।** देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का 104 वा एपिसोड का कार्यक्रम मीरापुर मंडल के सेक्टर मीरापुर प्रथम में बूथ नंबर 57 में बूथ मंडल संयोजक सोशल मीडिया मधुमिता नाथ के आवास पर सुना गया। प्रमुख रूप से पार्षद साहिल अरोड़ा, मीरापुर मंडल मंत्री अनिल पाण्डेय , वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी, डा० पी सी केसरी, शक्ति केंद्र संयोजक अरुण निषाद, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा कनोजिया , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदरणीय रेखा कनोजिया, संजना गुप्ता, पुष्पा विश्वकर्मा दीप द्विवेदी , रविंद्र नाथ, शुभेंद्र पांडेय, शशांक नाथ समेत अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### वारी-फूलपुर संपर्क मार्ग ताल तलैया में हुई तब्दील



**प्रतापपुर।** वारी फूलपुर मार्ग पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आवागमन बाधित हो रहा है लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं।24 घंटे इस सड़क पर आवागमन रहता है विधायक, सांसद, मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी इस सड़क से आते जाते हैं लेकिन इन लोगों को सड़क का गड्ढा नहीं दिख रहा है जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों एवं दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। सरकार द्वारा जहां प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बताया जाता है वहीं प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों सड़कें गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। कागजों में सड़कों की मरम्मत तो हो जाती है लेकिन जमीनी स्तर पर सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे मौजूद हैं। बारिश में इन गड्ढों में पानी भर जाता है जिसके कारण आवागमन करने वाले राहगीरों, वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सड़क मरम्मत हेतु क्षेत्रवासियों ने बार बार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो रही जिससे आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रत्येक एपीसोड युवाओं को प्रेरित और उत्साहित करने वाला : योगेश

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मोदी जी अपने मन की बात कर्यक्रम से करोड़ों लोगों के मन की बात करते हैं। उनके इस कार्यक्रम का हर एक एपीसोड न केवल रोचक और ज्ञान वर्धक है बल्कि युवाओं को प्रेरित और उत्साहित करने वाला होता है। उक्त उदगार भाजपा के वरिष्ठ नेता यागेश शुक्ल ने मेजा विकास खंड चपरो ग्राम पंचायत में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मन की बात के 104 वें संस्करण को सुनने के दौरान ब्यक्त किए।उन्होंने कहा कि मोदी जी के मन की बात का यह कार्यक्रम देश के साधारण लोगों के असाधारण पुरुषार्थ की कहानियों का अंतहीन श्रृंखला है जो बेहद रोचक एवं ज्ञान वर्धक है बल्कि युवाओं को प्रेरित और उत्साहित करने वाला होता है। इसी क्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्रा ने भी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की सराहना किया। इस मौके पर नगरपंचायत कोरांव चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी, इन्द्र शरण भूर्तिया सुरेश तिवारी पप्पू काजी, सीमा मिश्रा,विजय कुशवाहा, धीरेन्द्र पांडेय ,राजा पांडेय, शशि द्विवेदी, गणेश मिश्र, हरिकांत पांडेय, बाबा सिंह, संजय सिंह,आशुतोष तिवारी, अनिल शुक्ल, तथा शेखर दुबे, योगेश शुक्ला के मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला के अलावा सैकड़ों कई अन्य ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पूर्व विधायिका ने समर्थकों के साथ सुनी मन की बात



**मेजा।** रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना??। इस दौरान मेजा की पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया भी कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। रविवार को मेजारोड के पांती गांव के मानस वाटिका में समाजसेवी व मेजा विधानसभा संयोजक नित्यानंद उपाध्याय के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 104 वें संस्करण कार्यक्रम का विशेष प्रसारण का आयोजन किया गया था जिसमें भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया सैकड़ो समर्थकों के साथ सुनी इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नीलम उदयभान करवरिया ने कहा कि विश्व का प्रथम व्यक्ति हो या किसी गांव का अंतिम व्यक्ति प्रधानमंत्री विभिन्न संचार माध्यमों से संपर्क रखते हैं देश को ऐसा नेतृत्व मिला है जिसने न सिर्फ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को निखारा है बल्कि विकास के नए आयामों को छूकर भारतीय परिवारों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा किया है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने चंद्रायन 3 के सफल लैंडिंग ने देश को और भी गौरवान्वित किया है। विधानसभा संयोजक व वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का हर लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है और उन्हें सुनने की हर लोगों की इच्छा होती है जिस तरीके से उनके नेतृत्व में भारत ने चंद्रयान -3 को चंद्रमा पर उतारकर भारत को विश्व पटल पर सबसे आगे खड़ा किया है। यह हम सबके लिए एक बहुत ही बड़े गौरव की बात है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पांडे,सिद्धांत तिवारी, सुभाष मिश्र पयासी,नाथू गुप्ता,पप्पू उपाध्याय,सुधाकर शुक्ला,जितेंद्र शुक्ला,राजीव मणिनाथ तिवारी,सोनू मिश्रा, पुष्कर तिवारी,राहुल मिश्रा, सोबित शुक्ला,सबल तिवारी सहित भाजपा के आदि तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने दो कीमती भैंस किया पार, पुलिस से शिकायत

**प्रयागराज।** बीती रात को अज्ञात चोरों द्वारा द्वार पर बंधी दो कीमती भैंस एवं एक पड़वा चोरी कर ले गए। पशुपालक द्वारा काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कहीं पता नहीं चला तो पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। नवाबगंज कौड़िहार बाजार निवासिनी ज्ञानवती पत्नी इंद्रजीत सिंह अपने द्वार पर पशुओं को बंद रखा था। बताया जाता है बीती रात को अज्ञात चोर द्वार पर बंधी दो कीमती भैंस के साथ एक पड़वा खोल लें गये। जब सुबह पशुओं को द्वार पर नहीं दिखाई दिए, तो तलाश में जुट गए।वहीं भुक्तभोगिनी नवाबगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई है।

# दो दिन मनेगा रक्षाबंधन का त्योहार, 30 को दिन में भी राखी बांधने का मिला विकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इस बार लंबे भद्राकाल की वजह से रक्षाबंधन का त्योहार दो दिन मनाया जाएगा। 30 अगस्त को सावन पूर्णिमा लगते ही भद्रा से ग्रसित हो जाएगी। दिनभर भद्राकाल रहने के कारण ज्योतिषियों ने विकल्प भी निकाला है। भद्रा का मुख दो घंटे का होता है। ऐसे में भद्रा के दो घंटे की अवधि बीतने के बाद बहनें अपने भाइयों की कलाई पर नेह की डोर सजा सकेंगी।भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन भद्राकाल में नहीं मनाया जाता। शुभ कार्य वैसे भी भद्रा में वर्जित होते हैं। ऐसे में आम धारणा है कि भद्रा से ग्रसित पूर्णिमा में भाइयों की कलाई पर नेह की डोर दिन में नहीं बांधनी चाहिए। इसके लिए शुभ मुहूर्त के लिए बहनों को रात 9:01 बजे तक भद्रा काल के उतरने का इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में रात को ही राखी बांधने का योग बताया जा रहा है।

### 30 अगस्त को भद्रा सुबह 10.58 बजे तक

ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र के मुताबिक 30 अगस्त को भद्रा सुबह 10:58 बजे से रात 9:15 बजे तक है। इस दिन भद्रा पृथ्वी लोक में रहेगा, जिसे अशुभ माना जाता है। लेकिन भविष्योत्तर पुराण में भद्राकाल में दो घंटे भद्रा के मुख को छोड़कर शुभ कार्य करने का विकल्प दिया गया है। इस आधार पर 30 अगस्त को दिन में 12:58 बजे के बाद बहनें राखी बांध सकती हैं।



### खाली और खुले हाथों में न बंधवाएं राखी

राखी बांधने से पहले भाई के माथे पर तिलक और अक्षत लगाएं। भाई इस बात का ध्यान रखे कि राखी को कभी भी खाली और खुले हाथों में न बंधवाए। हमेशा हाथ में कुछ पैसे और अक्षत रखें और अपनी मुट्ठी बंद रखें। ऐसा करने से घर में संपत्ति का वास बना रहता है। राखी बांधने के बाद भाई यथाशक्ति बहन को कुछ न कुछ उपहार जरूर दें। भद्रा काल में राखी हरगिज न बांधें। इससे भाई के जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

### 30 और 31 दोनों दिन मनाया जाएगा पर्व

दूसरे दिन भी सुबह 7:05 बजे तक ही पूर्णिमा मिल रही है। ऐसे में इस बार रक्षाबंधन 30 और 31 अगस्त को दोनों दिन मनाया जाएगा, लेकिन शुभ मुहूर्त को लेकर बहनों को लंबा इंतजार करना होगा। पंचांग के मुताबिक इस बार 30 अगस्त की सुबह 10:58 बजे पूर्णिमा लग रही है। पूर्णिमा लगने के साथ ही भद्रा काल आरंभ हो जाएगा। खास बात यह भी है कि इस बार पूर्णिमा तो मिल रही है, लेकिन श्रवण नक्षत्र नहीं मिलेगा।इस बार के श्रावण शुक्ल पक्ष की भद्रा से युक्त पूर्णिमा धनिष्ठा नक्षत्र में आ रही है। इतना ही नहीं भद्रा काल पूरे दिन बना रहेगा।

## इलाज के दौरान गर्भवती महिला की हुई मौत मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** क्षेत्र के सधनगंज निवासिनी एक महिला का रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसको लेकर मृतक महिला के परिवार जनों ने निजी अस्पताल मालिक व नर्स तथा आशा सहित तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा लिखने की मांग किया है। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार सधनगंज की गर्भवती महिला राधा देवी 25 साल पत्नी राजेश कुमार के पेट में अचानक दर्द उठने लगा। तो शनिवार शाम लगभग 5 बजे पास के एक निजी अस्पताल में परिवार वाले भर्ती करवा दिए। हॉस्पिटल के डाक्टरों की लापरवाही में जच्चा बच्चा की मौत हो गई। मृतक के ससुर लाल जी पुत्र राम अभिलाष का आरोप है कि प्रिंस हॉस्पिटल सधनगंज के डॉक्टरों ने मेरी पुत्र बहू को गलत इंजेक्शन लगा दिए जिसके कारण मौत हुई है। मौत की सूचना पाते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के ससुर ने सोरांव थाने में प्रिंस हॉस्पिटल के संचालक बी डी यादव, डॉक्टर रीना श्रीवास्तव आशा नगमा के खिलाफ लिखित तारीख देकर मुकदमा दर्ज

**निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर व नर्स रीना श्रीवास्तव सहित आशा फरार**



करवाने की मांग किया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घर वालों की माने तो मृतक का पति राजेश कुमार रोजी रोटी के सिलसिले में परदेस रहकर कमाई करता था मृतक अपने पीछे 3 साल का एक बेटा छोड़ गई है।

चौकी प्रभारी बड़गांव सुशील कुमार दुबे का कहना है कि मृतक के ससुर की तरफ से तीन लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है जल्द ही मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जाएगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में खेल का आयोजन हुआ

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी विद्या भारती की 34 वीं त्रीदिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता 27, 28 एवं 29 अगस्त 2023 को सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राम मनोहर संगठन मंत्री विद्या भारती काशी प्रांत एवं श्रीदेवी प्रसाद क्रीड़ा अधिकारी मदन मोहन मालवीय स्टेडियम तथा विशिष्ट अतिथि जगदीश कुमार सिंह क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख विद्या भारती, शेषधर द्विवेदी प्रदेश निरीक्षक काशी प्रांत ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया क मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के क्रीड़ा अधिकारी श्रीदेवी प्रसाद ने खेल के उद्घाटन की घोषणा की कइस प्रतियोगिता में ग्रुप खेल कबड्डी, खो-खो ,बैडमिंटन के अंडर - 14, अंडर -17, अंडर -19 के लगभग 300 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं शामिल हैं क खेल के आयोजन का उद्देश्य केवल खिलाड़ी बनना ही नहीं, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास है क विद्या भारती के 25000 विद्यालय , जहां 33 लाख छात्र अध्यनरत है उनमें शारीरिक शिक्षा को प्रथम स्थान दिया गया है कविद्या भारती ने 1988 में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लिया क इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, अनुराग प्रांतीय शारीरिक प्रमुख अजीत सिंह, संकुल प्रमुख दिग्विजय पाल ,कार्यालय प्रमुख इत्यादि उपस्थित रहे।

### असिस्टेंट प्रोफेसर के 745 पदों पर भर्ती की तैयारी

**निदेशालय को भेजा रिक्त पदों का ब्योरा**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 745 पदों पर भर्ती की तैयारी की जा रही है। इसके लिए उच्च शिक्षा निदेशालय ने इस माह की शुरूआत में सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से रिक्त पदों का ब्योरा मांगा था, जो निदेशालय को उपलब्ध करा दिया गया है। इन पदों पर भर्ती उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग करेगा।प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों में तो असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नया शिक्षा सेवा चयन आयोग कराएगा, लेकिन राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर सीधी भर्ती पूर्व की भांति उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ही कराएगा। आयोग ने बीते दिनों राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 108 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की है।इस माह की शुरूआत में उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से राजकीय महाविद्यालयों के सभी प्राचार्यों को पत्र जारी कर वैकेंसी ग्रिड पोर्टल को अपडेट किए जाने के निर्देश दिए थे। स्थानांतरण, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति एवं अन्य कारणों से रिक्त हुए पदों की जानकारी वैकेंसी ग्रिड पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया था। कॉलेजों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है।

## रीजनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में गुरुकुल मांटेसरी का दबदबा

**विधालय के चेयरमैन पूर्व डीआईजी, मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या ने बच्चों को किया प्रोत्साहित, दो दिवसीय चैंपियशिप में मेधावियों को मिली ट्रॉफी, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेल सकेंगे विजेता**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फाफामऊ के गुरूकुल मांटेसरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय रीजनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2023 का आज रविवार को समापन हुआ। इस चैंपियनशिप में गुरुकुल मांटेसरी स्कूल का दबदबा रहा। ज्यादातर प्रतियोगितों में विद्यालय के बच्चों ने बाजी मारी और ट्रॉफी जीत लिया। दूसरे स्थान पर सरायइनायत झूंसी के सेंट्रल अकादमी और तीसरे स्थान पर न्याय नगर पब्लिक स्कूल झूंसी रहा। इसमें शामिल मेधावियों छात्र - छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्पोर्ट्स फॉर एक्सीलेंस एवं स्टेयर्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के करीब 1500 बच्चों की सहभागिता रही। दूसरे दिन आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता में कबड्?डी, बैडमिंटन, 10 मीटर रायफल निशानेबाजी, मुक्केबाजी तथा मार्सल आर्ट्स में



अंडर-19, अंडर-11, अंडर-12, अंडर-14 एवं अंडर 17 आयुवर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें विजेता टीम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जिस पर लोग तालियां बजाते रहे। मुख्य अतिथि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के डीआईजी प्रभाकर त्रिपाठी बच्चों की प्रस्तुति पर भावुक हो गए। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कभी मैं इन्हीं बच्चों की तरह एक प्रतिभागी के रूप में मैदान पर उतरता था। यहां आकर मुझे अपना वह दिन याद आ गया। स्कूल के चेयरमैन पूर्व डीआईजी कृपाशंकर सिंह ने कहा कि बच्चों को खेलकूद में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। विशिष्ट अतिथि आरएएफ के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय की प्रिंसिपल अमिता मिश्रा ने कहा कि यही बच्चे कल देश का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर डॉ. वंदना सिंह, दिव्यांशु गर्ग, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के संरक्षक डॉ. हरिप्रकाश यादव, मिथलेश कुमार मौर्य, समाजसेवी राजीव कुमार मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज झरोखा

### चंद्रयान-3 की सफलता में शुआट्स के पूर्व छात्र ने निभाई अहम भूमिका



**नैनी, प्रयागराज।** चंद्रयान-3 जो 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान से लॉन्च किया गया और सफलतापूर्वक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारा गया, ऐसी उपलब्धि पाने वाला भारत पूरे विश्व में अकेला देश बन गया। सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए चंद्रयान-3 टीम के प्रत्येक सदस्यों को बधाई दी। शुआट्स ने अपने पूर्व छात्र श्री ज्ञान चंद्र कुमार को भी बधाई दी, जो 2004-2008 तक बी.टेक इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में शुआट्स (पूर्ववर्ती इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट डीम्ड यूनिवर्सिटी) के छात्र थे। श्री ज्ञान चंद्र ने एनआईटी राउरकेला से एमटेक की पढ़ाई पूरी की। वह इसरो में कार्यरत हैं। उनका वर्तमान पदनाम वैज्ञानिक/इंजीनियर है। श्री ज्ञान चंद्र कुमार भी चंद्रयान-3 की वैज्ञानिक टीम का हिस्सा थे। श्री ज्ञान चंद्र कुमार ने साझा किया कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के उतरने के बाद, रोवर 1 सेमी/सेकंड के वेग से घूम रहा है और चंद्रमा की सतह की तस्वीरें ले रहा है और लैंडर विक्रम से संचार कर रहा है, लैंडर विक्रम भारतीय गहरे अंतरिक्ष नेटवर्क (आईडीएसएन) से संचार कर रहा है जो इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क बैंगलोर में स्थित है।

### रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने नेत्रदान के महत्व पर गोष्ठी का आयोजन किया



**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने रोटरी इलाहाबाद रॉयल्स के साथ संयुक्त तत्वाधान में रविवार 27 अगस्त 2023 को होटल रामा कॉन्टिनेंटल में नेत्रदान के महत्व पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रयागराज के सभी रोटरी क्लब में ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी सिंह,प्रधानाचार्य,मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने समाज के, विशेष कर दृष्टिबाधित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए नेत्रदान के महत्व की सिलसिले बार समीक्षा की व नेत्रदान द्वारा वंचित वर्ग को आशा की नई किरण प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करने का कारक बताया।डॉ क्षमा द्विवेदी, इंचार्ज कॉर्निया यूनिट, एम.डी.आई हॉस्पिटल ने बताया कि हर व्यक्ति को मरणोपरांत नेत्रदान अवश्य करना चाहिये । नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को आँख की रोशनी का लाभ होता है, एक नेत्रहीन व्यक्ति को एक आँख दी जाती है। नेत्र प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची के क्रमानुसार ही की जाती है। - आँखों को ख?ीदा और बेचा नहीं जा सकता। नेत्रदान करने से पहले अंगदाता के परिवार की अनुमति ली जाती है। कार्यक्रम में अध्यक्षता अमृता अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया । डॉ. अनूप चौहान ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया । रोटेरियन रिचा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। पंकज जैन गोष्टी के चेयरपर्सन थे व सचिव ऋतु कमल अग्रवाल,कविता अग्रवाल, राधा सक्सेना, शमीर्ली जैन इत्यादि उपस्थित रहे।

## श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से रविवार को अरैल स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी संदीप सिंह के नेतृत्व में श्रावण मास के अंतिम रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। वहीं संस्थान के नन्हे स्वयं सेवक कार्तिकेय तिवारी ने स्वच्छता के प्रति संदेश देते हुए, साथ में लोगों से स्वच्छता अभियान में जुड़ने का विनम्र निवेदन किया। अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, गंगा तटों एवं मंदिरों पर लोगों की मानसिकता कब स्वच्छता के प्रति जागृत होगी, क्यूं कि लोग जिस भगवान के मंदिर में सुख शांति ढूंढने हेतु पूजा अर्चना करने जाते हैं,उसी के पवित्र और स्वच्छ स्थान को, गंगा के आंचल को गंदगी करके वापस लौट जाते हैं,हम सभी का समाज से यही अपील हैं कि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर भारतवर्ष को नया भारत बनाने की ओर अग्रसर हो। जिससे देश व दुनिया भर में एक नयी पहचान बन सकें।स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, शुभेंदु घोष, डा एस.बी. यादव,ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राजकुमार विश्वकर्मा, बभ्रुवाहन सिंह, प्रवीण तिवारी, विनोद गुरानी, गोविंद सिंह, आदर्श पाल, तुलसी तिवारी,गौरव यादव,सौरभ यादव, आर्यन यादव, उज्जवल यादव,शनि यादव,नमन चौरसिया, अनन्या चौरसिया, कुंवर अलख प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

**नैनी।** नैनी अरैल में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में आप सभी मित्रो से निवेदन है की 28 / 8 / 2023 सोमवार को श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर नैनी अरैल में सुबह 9:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है आप सभी पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करें समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार , राजेश साहू।



### सपाइयों नें लगाया गांव में चौपाल

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के पदाधिकारिय गांव गांव जाकर सपा शासन काल में हुए विकास कार्यों को जनता को बतानें का काम कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम के तहत सोरॉव विधानसभा सेक्टर नंबर 33 ग्राम सभा जुगनीडीह में सपाइयों नें चौपाल लगया। कार्यक्रम में जिला सचिव गुफरान मलिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुभाष यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राम सजीवन यादव,सेक्टर प्रभारी मुन्नी लाल यादव, अन्नू मलिक, अबरार हुसैन, डॉक्टर रामचंद्र यादव, कैलाश, बबलू प्रधान, जुबेर मलिक, सोनू प्रधान, सोनू मलिक ,अयाज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की मेरे पति की पॉलिसी संख्या 311925659 में भूल से मेरा नाम पतिया देवी अंकित हो गया है जो गलत है जबकि सही नाम सुखरानी पत्नी महाराजदीन निवासी म्योहरा दारानगर जनपद कौशांबी है।

## यूफोरियल यूथ सोसाइटी की तरफ से एनसीसी कैडेटों के लिए ग्लोबल साईकिल राइड का आयोजन सम्पन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्थित सिक्स गर्ल्स वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैंपस में यूफोरियल यूथ सोसाइटी की तरफ से एनसीसी कैडेटों के लिए ग्लोबल साईकिल राइड का आयोजन किया गया जिसे एनसीसी प्रयागराज ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर के पी कृष्ण कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के उपरान्त ग्रुप कमांडर ने उपस्थित सभी कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साइकिलिंग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। वाहनों के अधिक प्रयोग से वायु एवं ध्वनि प्रदूषण अधिक फैल रहा है जिसे कम करने के लिए हर एक कैडेट को एक-एक पौधा रोपित किया जाना चाहिए एवं अपने आस-पास के लोगों से भी ऐसा करने के लिए कहा जाना चाहिए के साथ साथ देश में आयोजित होने वाले जी-20 समिट को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। इसके पर्व यूफोरियल यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष देवेश जायसवाल द्वारा ग्रुप कमांडर एवं सिक्स गर्ल्स वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर की प्रमुख डॉ.मेजर फराह दीबा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रिपब्लिक डे कैंप की तैयारी में जुटे कैडेटों से मुलाकात करते हुए ग्रुप कमांडर द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। यूफोरियल यूथ




सोसाइटी के देवेश जायसवाल ने कैडेटों से वन अर्थ, वन फैमिली, वन नेशन की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रेरित किया बताया निफा के तरफ से पुरे देश में ग्लोबल साइकिल राइड का आयोजन किया जा रहा है उसको मजबूत करने के लिए हम लोग भी कर रहे हैं इस दौरान सूबेदार मेजर शिवदन सिंह, सूबेदार मेजर हरविंदर सिंह, सीनियर जीसीआई मंजू सिंह, सेकंड अफसर ले. नेहा श्रीवास्तव, बीएचएम प्रदीप, हवलदार घुले डी.एम, हवलदार ऋतुराज, हवलदार मनीष, सहित सभी पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

## इरफान सोलंकी के भाई की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**प्रयागराज।** कानपुर से सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी की जमानत याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। उसपर नजीर फातिमा के प्लॉट पर कब्जा करने के लिए उसका घर जलाने का आरोप है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में निचली अदालत के रिकॉर्ड किए जाएंगे पेश पिछली सुनवाई पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत के रिकार्ड तलब किए थे। कानपुर में प्लाट पर आगजनी के मामले में दाखिल यह जमानत याचिका दाखिल की गई है। जमीन पर कब्जे की नियत से नजीर फातिमा के घर को आग के हवाले करने का है आरोप,करने का आरोप है। कानपुर के जाजमऊ थाने में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज है। जस्टिस अजय भनोट की सिंगल बेंच में इस मामले की सुनवाई होगी।

**डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023-हेतु ऑन-लाइन आवेदन**

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं0 390/68-4-2023-2067/2023 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 26/05/2023 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में डॉ0 ए0एच0 रिजवी डिग्री कालेज, करारी, कौशाम्बी में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2023 हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

1. ऑनलाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु, चयन का मानक एवं अन्य शर्तों सहित सामान्य एवं परिचालन सम्बन्धित तकनीकि दिशा निर्देश वेबसाइट एवं आवेदन फार्म लिंक https://rizvidegree.in पर उपलबध है।

**समय सारणी निम्नवत है :-**

1. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि : 25/07/2023
2. ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि : 30/08/2023
3. सम्पूरित आवेदन फार्म को महाविद्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 02/09/2023
4. मेरिट सूची प्रकाशन की तिथि : 05/09/2023
5. प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग की तिथि 07/09/2023 से 08/09/2023 तक।

**नोट :** ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात नियत तिथि के अन्दर फार्म शुल्क रू0 500/-(पांच सौ रूपये मात्र) आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में आवेदन स्वीकार्य नही होगा।

**सम्पर्क सूत्र :** 7080205251, 7080205257, 7080205258, 7080205262

**प्राचार्य**

# सड़क सुरक्षा नियमों कड़ाई से कराएं अनुपालन : जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कैम्प कार्यालय के मानस सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु सम्बन्धित विभाग आवश्यक कार्यवाही करें, लापरवाही कदापि न बरतें।

जिलाधिकारी ने शहर में पार्किंग स्थल के लिये जगह चिन्हित न होने पर नाराजगी व्यक्त की और ईओ नगर पालिका व एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन को पार्किंग स्थल के लिये जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद के सभी मार्गो के ब्लैक स्पाट पर साइन बोर्ड और स्पीड ब्रेकर बनाया जाये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नारजागी व्यक्त की और कहा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है इसलिये आगामी बैठकों हेतु उन्हें बुलाया जाये। सड़क सुरक्षा के प्रचार प्रसार की रिपोर्ट न प्रस्तुत करने पर जिलाधिकारी ने एआरटीओ प्रवर्तन एवं यातायात पुलिस को सचेत किया और कहा कि जो भी सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रचार प्रसार किया जाये उसकी फोटोग्राफ एवं समस्त जानकारियां लेकर बैठक में प्रतिभाग करें। सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता को भी सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नियमों के बारे में जागरूक करने को कहा। ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि रायबरेली से जौनपुर रोड के विभिन्न चैराहों पर स्पीड ब्रेकर न बनने से हादसे होते रहते है जिस पर जिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट पर साइन बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश नेशनल हाईवें एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को दिया और कहा कि यदि जल्द से जल्द दिये गये निर्देश का अनुपालन नही कराया जायेगा तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी व्यक्ति हेलमेट व सीट बेल्ट नही लगाते है एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करते है ऐसे लोगों पर चालान की कार्यवाही की जाये उन्हें सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूक भी करें। हाईवे व सड़कों पर अवैध कट, अवैध ढाबों, अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि हाईवे व सड़कों पर जो अवैध कट है उन्हें चिन्हित करके बन्द कराया जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने हिट एण्ड रन दुघर्टना के मामलों, यात्री वाहनों के दुर्घटना के मामलों में परिवहन विभाग द्वारा कराधान/अधिनियम/ नियमावली के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता से सम्बन्धित जनपद में लम्बित प्रकरणों व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाये जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चौरसिया, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन दिलीप गुप्ता, एआरटीओ प्रशासन बी0के0 सिंह, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, जिला महामंत्री हृदय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग महिला के मकान निर्माण में अवरोध डाल रहे आरोपी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के अतरौरा गांव की रहने वाली एक दिव्यांग महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन में आवास का निर्माण कर रही है। विपक्षियों द्वारा निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं।

मामले में पीड़िता दिव्यांग महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आवास निर्माण कराए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के अतरौरा गांव की रहने वाली दिव्यांग महिला संगीता देवी स्वर्गीय कल्लू राम ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका आवास सरकार से आया हुआ था। वह अपनी जमीन में मकान निर्माण कार्य कर रही थी। इसी बीच गांव के पड़ोसी आए और दबंगई के बल पर निर्माण कार्य रोक दिए। आरोप है कि पड़ोसी पैसे की मांग कर रहे हैं बोले कि पैसा अगर नहीं दोगी तो आपका मकान का निर्माण नहीं करने देंगे। पीड़िता दिव्यांग महिला ने मामले में पड़ोसियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में नंदलाल सिंह कोतवाल का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर सत्यता के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक ही रात में दो जगह चोरों ने किया हाथ साफ

**पट्टी, प्रतापगढ।** कंधई थाना अंतर्गत नरसिंहपुर के रहने वाले अजय यादव की दुकान में बीती रात चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। बताते चलें कि अजय यादव की गाड़ी मरम्मत की दुकान हैं जिसमें चोरों ने बीती रात दुकान में रखे मोबिल ऑयल, बैटरी, अल्युमिनियम के तार व दो हार्न चोर उठा ले गए। वहीं वीरमणि यादव जो दूलापुर के रहने वाले हैं उनकी ढाबे की दुकान है, जिस पर बीती रात चोरों ने गैस सिलेंडर चूल्हा चुरा लिया। वीरमणि यादव का कहना है कि बीती रात चोर आए और चोरों ने हमारी दुकान में बैठकर दारू भी पिया और उसके बाद रखे सामानों को उठा ले गए। दोनों ने इसकी लिखित शिकायत कंधई थाने में देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# मानव तन मंदिर पहुंचे जिलाधिकारी, देखी डाक्यूमेंट्री फिल्म

अखंड भारत संदेश



मानव तन मंदिर में जिलाधिकारी को सम्मानित करते चिकित्सकगण।

**प्रतापगढ़।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन प्रतापगढ़ इकाई द्वारा रविवार को मानव तन मंदिर में जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव का आगमन हुआ जहां आगामी होने वाले जाणता राजा पर आधारित होने वाले कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी महाराज का व्याख्यान सुना और इस कार्यक्रम के बारे मे मिशन के संरक्षक राजा भईया ने जिलाधिकारी को पहले से इस कार्यक्रम के बारे मे सूचना दी है। उसी क्रम में आज मिशन की राष्ट्रीय संयोजिका मातृ शक्ति डॉ श्रद्धा ने मिशन के बारे मे अच्छे से बताया। उसी के साथ मिशन की 25 वर्षो से सेवा साधना संबोधि पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जिससे जिलाधिकारी काफी प्रभावित हुए और उसी क्रम में डॉ श्रद्धा द्वारा रसीद भी ली और जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि यथासंभव जो भी सहयोग होगा दिया जायेगा।

इस कार्यक्रम मे डॉ आर. के सिंह, डॉ श्रद्धा सिंह, दुर्गेश सिंह, गोविन्द खंडेलवाल, देवेंद्र गुप्ता, रोहित जायसवाल, सविता तिवारी, सत्यम तिवारी, साहवक सिंह, आकाश सिंह, अंशुल जायसवाल, अजय मिश्र, अमित सिंह, चैरासी बाबा व दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सभी लोग मौजूद रहे।

# ....फासले कम न हो सके लोकेश, आमना सामना रहा बरसों

## एंजिल्स इंटर कालेज में आकाशवाणी निदेशक के गजलों पर मंत्रमुग्ध हुए लोग

अखंड भारत संदेश



मुख्य अतिथि को सम्मानित करतीं एंजिल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या।

**प्रतापगढ़।** शहर के शिवजीपुरम मोहल्ले में स्थित एंजिल्स इंटर कालेज के सभागार में शनिवार की शाम गजलों व शायरों ने अपनी गजलों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके मुख्य आकर्षक आकाशवाणी इलाहाबाद के निर्देशक डा0 लोकेश शुक्ला रहे जिन्होंने सरस्वती पूजन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की।

सरस्वती पूजन के पश्चात लोकेश शुक्ला को न्यू एन्जिल्स के प्रधानाचार्य बी के सोनी द्वारा बुके देकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। एंजिल्स परिवार की चेयरपर्सन डॉ0 शाहिदा द्वारा जिले के सभी साहित्यकारों की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लोकेश शुक्ला ने मिर्जा गालिब की गजल-मुझ तक कब उनकी बज्म में आता था दौर-ए-जाम, साकी ने कुछ मिला न दिया हो, शराब में से किया। उसके बाद उन्होंने अपनी खूबसूरत आवाज में एक से बढ़कर एक लगातार कई गजलें सुनाई।

उनकी आँखों के जाम याद रहे, नशा रहा बरसों, फासले कम न हो सके लोकेश, आमना सामना रहा बरसों, क्या होगा इस जुनूँ का सिला सोचना पड़ा, अकसर तुम्हारा नाम सोचना पड़ा। देश के नौजवान, देश के नौजवान, दे रहा है सदा तुमको हिन्दोस्तान। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने सबको आशीर्वाद दिया। और आयोजिका डॉ शाहिदा ने आकाशवाणी निदेशक लोकेश को धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने किया। इस मौके पर कृष्णानन्द त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, डा0 आफताब जौनपुरी, संगमलाल त्रिपाठी भँवर, राजेशकुमार मिश्रा, गजेन्द्र सिंह विकट, चन्द्रकान्त त्रिपाठी, अखिल नारायण सिंह, राजेश प्रतापगढ़ी आदि का आभार प्रकट किया।

# पूर्व प्रधानाचार्य संघर्षपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे: पं अनिल प्रताप

## विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

**प्रतापगढ़।** स्व पं रामयज्ञ पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य के स्मृति दिवस पर उनके सुपुत्र शिक्षक पं राकेश पाण्डेय के द्वारा आयोजित एंव कई शिक्षण संस्थान के प्रबंधक पं अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात के नेतृत्व मे निवास स्थान पर विचार गोष्ठी के साथ कवि सम्मेलन हुआ।

बता दें स्व पं रामयज्ञ पाण्डेय समाज सुधारक और गरीबो की मदद के साथ शिक्षा जगत के बेताज शहंशाह थे। पंडित जी चाहते थे कि हर परिवार के बच्चे शिक्षित जरूर हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन नगर पंचायत रामगंज राकेश सिंह थे। चेयरमैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओ के एक मिसाल थे। उनके व्यक्तित्व पर लिखी गई एक किताब कम पड़ जायेगी। विशेष अतिथि भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश संयोजक पं ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पूर्व प्रधानाचार्य स्व पं रामयज्ञ पाण्डेय के द्वारा निर्मित आचार्य नरेंद्र देव माध्यमिक विद्यालय नरेंद्र नगर विनैका प्रतापगढ गवाह है कि समाज व शिक्षा के प्रति कितने जिम्मेदार थे। ऐसे महामानव को हम बार बार नमन करते है। पं अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात अपने उद्बोधन मे कहा कि स्व पं रामयज्ञ पाण्डेय पूर्व प्रधानाचार्य संघर्षपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। कार्यक्रम को पं हरिप्रसाद मिश्रा, प्रधानाचार्य पं शशिभाल त्रिपाठी, वरिष्ठ शिक्षक पं राकेश पाण्डेय, पूर्व शिक्षक पं ब्रम्हदेव मिश्रा, डा0 कैलाश नाथ पाण्डेय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम लवट यादव, सेठ लक्ष्मी नारायण, पूर्व बैंक प्रबंधक पं विजय प्रताप त्रिपाठी, पूर्व वरिष्ठ शिक्षक पं अरूण प्रताप त्रिपाठी, वरिष्ठ शिक्षक राममिलन यादव, वरिष्ठ शिक्षक पं दिनेश गिरी, वरिष्ठ शिक्षक रफीक खान, वरिष्ठ कवि ठाकुर गजेंद्र सिंह विकट, वरिष्ठ कवि अरूण सिंह, पं राकेश त्रिपाठी बड़े बाबू, शिक्षक पंकज यादव, ठाकुर संतोष सिंह, ठाकुर आदेश सिंह आदि लोगो ने संबोधित किया।

# राष्ट्रभक्ति गीतों के साथ किया गया शहीदों को नमन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील स्थित शहीद स्थल रूर में राष्ट्रीय गीत की धुन बजाकर शहीदों को याद किया गया इस दौरान शहीद किसानों के परिजन, क्षेत्रीय ग्रामीण व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी लोगों ने वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए उन्हें नमन किया। शासन की मंशानुरूप इस समय आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर सपूतों के सम्मान में शाहिद स्थलों पर राष्ट्रीय गीत की धुन पर पीएसी जवानों द्वारा बैंड बाजा कर उन्हें नमन किया जा रहा है। शनिवार की शाम को धूमनगंज प्रयागराज चतुर्थ वाहिनी पीएसी के जवानों ने शहीद स्थल रूर पर पहुंचकर राष्ट्रीय धुन के साथ बैंड बजाना शुरू किया तो लोग भावुक हो गए।

पीएसी जवानों द्वारा राष्ट्रगान की धुन भी बजाई गई। इस दौरान चैकी इंचार्ज वारिज से बात करने पर उन्होंने बताया कि देश सेवा के लिए अपनी जान देने वाले शहीदों के प्रति लोगों को हमेशा सम्मान का भाव रखना चाहिए उनके आदर्शो और मूल्यो पर चलना हमारा कर्तव्य है। शहीदों के सम्मान में पीएसी के जवानों द्वारा राष्ट्रीय धुन बजाकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान चैकी इंचार्ज वारिज, कन्हैयालाल, लालजी राम, जय कुमार पांडे, गोविंद, राहुल, वंश बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, मुन्ना सिंह, अरविंद वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना महेशगंज के उ0नि0 विवेक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 113/2007 धारा 384, 506 भादवि व 2/3 लोक सम्पति निवारण अधिनियम थाना महेशगंज से सम्बन्धित तीन वारण्टी अभियुक्त राकेश पुत्र रमाकान्त, राजेश पुत्र रमाकान्त व मल्हू यादव पुत्र सीताराम यादव नि0गण ग्राम परियावां थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

# वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी हुए चरम चिकित्सा सम्मान से सम्मानित



डा0 अशोक कुमार मिश्रा को सम्मानित करते चिकित्सक।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डाक्टर आशुतोष कुमार मिश्रा को प्रयागराज स्थित गंगा नाथ झा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तथा विश्व आयुर्वेद मिशन के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि चरक जयंती समारोह के अवसर पर चरक सम्मान से सम्मानित किया गया। उनके सम्मान पर जिला होम्योपैथिक कार्यालय के स्टाफ तथा अन्य डॉक्टरों ने हर्ष व्यक्त किया है।

मूल रूप से उमरीमय टटिहरा गांव के रहने वाले डॉक्टर आशुतोष मिश्रा को यह सम्मान उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। वह प्रतापगढ़ जिला होम्योपैथिक अधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुके है। प्रयागराज के आजाद उद्यान स्थित गंगा नदी का परिसर में आयोजित कार्यक्रम का काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## जिले में तैनात हैं डाक्टर आशुतोष कुमार मिश्रा

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तथा भगवान धन्वंतरि एवं महर्षि चरक के विधिवत पूजन अर्चन के बाद कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उनके साथ 15 अन्य ख्यातिलब्ध चिकित्सको को भी चरक चिकित्सा सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस संबंध में डॉ आशुतोष मिश्रा से बात करने पर उन्होंने कहा कि मानवता के लिए कार्य करना तथा मानव सेवा करना हम सभी का परम कर्तव्य है हमें अवसर मिले तो एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। उनके चरक सम्मान प्राप्त करने पर पूर्व सेवानिवृत डाक्टर अरुण कुमार, डाक्टर अर्जुन सिंह, डाक्टर रवि शंकर पांडेय, आकाश यादव, डॉक्टर विद्यासागर यादव, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कर्मचारियों एंव डॉक्टरों सहित कई अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दिया।

# आजीवन करूंगा रक्तदान संस्थान की जनसेवा में सहयोग: संजय पांडेय

## फिजियोथैरेपिस्ट की सूचना पर रक्तदान संस्थान ने दिया ऑपरेशन हेतु रक्त

अखंड भारत संदेश



संस्थान को रक्तदान देते संजय पाण्डेय।

**प्रतापगढ़।** रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय की अनवरत की जा रही समाज सेवा से प्रेरित होकर रेलवे लोको पायलट संजय कुमार पांडेय ने पुनः एक बार शैक्षिक रक्तदान संस्थान हेतु किया। रक्तदाता ने बताया कि आज उनका 46वां रक्तदान है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल कुमार पाण्डेय इतनी कम उम्र में समाज सेवा का बीड़ा लेकर चल रहे हैं। जिससे प्रेरित होकर आज मैं पुनः रक्तदान संस्थान के सहयोग हेतु एक यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान कर रहा हूं। संस्थान की शुरूआत से लेकर अब तक कई बार मैंने संस्थान हेतु रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि शासन के नियम अनुसार ब्लड बैंक द्वारा जब तक मेरा रक्तदान करवाया जा सकता है, तब तक मैं रक्तदान संस्थान के लिए रक्तदान करता रहूंगा और निर्मल पांडेय की इस मुहिम में भरपूर सहयोग करूंगा। रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय ने रेलवे लोको पायलट संजय पांडे की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि आप जैसे रक्तदाताओं के सहयोग से ही संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। भविष्य में भी आपसे यही आशा है कि आप संस्थान का सहयोग हमेशा करते रहेंगे। जिससे कि जरूरतमंदों का जीवन बचाने का सौभाग्य हम सभी को प्राप्त हो सके। इसी क्रम में फिजियोथैरेपिस्ट कुलदीप शर्मा की सूचना पर मालती देवी नर्सिंग होम प्रतापगढ़ में भर्ती मरीज रामजैत सिंह उम्र 70 वर्ष निवासी नारायणपुर डीह रायबरेली जिनका कूल्हे का ऑपरेशन होना है। उनके ऑपरेशन हेतु डोनर के अभाव में एक यूनिट एबी पॉजिटिव रक्त जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ के रक्त कोष द्वारा संस्थान का डोनर कार्ड देकर उपलब्ध करवाया गया। परिजनों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय, लोको पायलट संजय कुमार पांडेय, सीनियर लैब टेक्नीशियन पवन नंदन भट्ट, संदीप मिश्रा, मूरत लाल यादव, शिवम कुमार, अरविंद कुमार, कपिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# पेंशन लम्बित देयकों व समस्याओं का आज करायें निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि 25 अगस्त को अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु मध्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश दिये गये है कि 28 अगस्त को कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रतापगढ़ से उद्योग विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु समाधान दिवस आयोजन किया जाये। उन्होने ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचित किया है कि 28 अगस्त को पूर्वान्ह 10 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/पेंशन से सम्बन्धित लम्बित देयकों से अवगत करायें ताकि उसका निस्तारण कराया जा सके।

# जिले के संतोष भगवन बने एनयूजे के प्रदेश महामंत्री

अखंड भारत संदेश



संतोष भगवन का स्वागत करते पत्रकारगण।

**प्रतापगढ़।** जिले के संतोष भगवन को एनयूजे (आई) के प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है। बता दें कि जयपुर में 26-27 अगस्त को हो रहे नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिट्स (इंडिया) के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्व सम्मति से उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ जिसमें एनयूजे (आई) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सक्सेना को मनोनीत किया गया है। वहीं प्रतापगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार संतोष भगवन को महामंत्री और लखनऊ के अनुपम चैहान के नाम की घोषणा कोषाध्यक्ष पद के लिए की गई। बता दें कि संतोष भगवन उपजा के बहुत दिनों तक जिलाध्यक्ष रहे हैं और वह अभी भी संस्था में सक्रिय हैं जिसको देखते हुए उन्हें प्रदेश का कार्यभार दिया गया है।

# एस यू पब्लिक स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो ने बिखेरा जलवा

अखंड भारत संदेश



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के एस यू पब्लिक स्कूल मानिकपुर मे स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चो के हुनर को देखकर स्कूल की प्रबंधिका फौजिया मैम व प्रधानाचार्य अशीक अहमद ने तालिया बजाकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया। बच्चों द्वारा अपने हाथो से बनाई गई चित्रकला को हाथो में लेकर दिखाया। बच्चों के इस कला को देखते हुये लोगों ने जमकर सराहना करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर स्कूल समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

# छत से फिसलकर गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

## मौत की जानकारी मिलने के बाद परिवार में मचा कोहराम ग्रामीणों को लगी भीड़

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गैस कछार गांव में परिवार के साथ छत पर सो रहा एक युवक आधी रात को छत से गिर गया है युवक के गिरने के बाद मामले की जानकारी परिजनों को नहीं हुई अधिक चोट लग जाने के बाद युवक बचाव के लिए रोता चिल्लाता रहा लेकिन परिवार के लोग नहीं जागे रोते चिल्लाते कराहते तड़प तड़प कर युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है युवक की मौत के बाद जब परिजन नींद से जागे तो युवक मौके पर मौजूद नहीं था परिजन उसे खोजने लगे वह छत के नीचे पड़ा था मौके पर पहुंचकर परिजनों ने जब देखा तो युवक की मौत हो गई थी मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग भी घटना स्थल पर पहुंच गए जिसने भी युवक की मौत की बात सुनी वह अचंभित रह गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गौस कछार निवासी गुंडा उम्र 34 वर्ष पुत्र मूलचंद्र शनिवार को खाना खा कर अपने परिवार व बच्चों को लेकर छत पर सो रहा था परिजनों के मुताबिक रात लगभग 2.30 बजे बाथरूम करने के लिए वह उठ कर गया तभी लाइट न होने के कारण अधेरे में उसका पैर फिसल गया और वह छत से गिर गया काफी देर होने पर बच्चों ने उठ कर देखा कि वह जमीन पर नीचे पड़ा था शोर गुल सुन कर घर वाले मौके पर पहुंचे और देखे कि उसकी मौके पर मौत हो गई घर में कोहराम की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पहुंच गए पुलिस को मामले की सूचना दी गयी सूचना पाते ही मौके पर थाना पुलिस ने पहुँच कर पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गुंडा मजदूरी कर अपने परिवार व चारों बच्चों का भरण पोषण करता था परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## धर्म जागरण यात्रा के बाद भंडारे के स्थल के लिए हिंदू जागरण मंच ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के अति प्राचीन शिव मंदिरों में शुमार चौराहे के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक हिंदू जागरण मंच द्वारा धर्म जागरण यात्रा के आयोजन की सफलता के बाद प्राचीन शिव मंदिर परिसर में विशाल भंडारे के आयोजन की रणनीति बनाई गई है भंडारे के पूर्व मंदिर की साफ सफाई रँगाई पुताई साज सज्जा का काम हिंदू जागरण मंच के द्वारा कराया जा रहा है रविवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी प्राचीन शिव मंदिर परिसर में पहुंचे और भंडारा आयोजित करने के लिए जगह का निरीक्षण किया है इस मौके पर मौजूद हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियो ने कहा कि सैकड़ो वर्ष पुराने आस्था के केंद्र शिव मंदिर में विशाल भंडारा कर जन जागरण किया जाएगा बताया जाता है कि शिव मंदिर के ढांचे को छोड़कर उसके आसपास मंदिर की संपूर्ण जमीन को अराजक तत्वों ने कई वर्षों पूर्व कब्जा कर लिया है मंदिर के आसपास अराजक तत्वों द्वारा पशुओं को छोड़कर गंदगी फैलाई जाती है जिससे मंदिर में पूजा पाठ करने वाले भक्त मजबूरी में दूसरे मंदिरों में जाने लगे लेकिन मंदिर में गंदगी और मंदिर के आसपास की जमीनों पर कब्जा किए जाने से लोगों में लगातार आक्रोश व्याप्त रहा शिव मंदिर के आसपास परिक्रमा मार्ग और उसके चबूतरे मंदिर के कुआँ सहित विभिन्न स्थानों पर अराजक तत्वों ने कब्जा कर रखा है।



## न्यूज झरोखा

### दीवाल में सेंधकर जेवर नगदी अनाज उठा ले गए चोर



**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के इकबाल नगर महगांव में शनिवार की रात सईद पुत्र जहूर अहमद के घर की दीवाल में सेंध कर घर के भीतर चोर घुस गए और जमकर उत्पात मचाया घर में रक्खे बक्से कपड़े घर से बाहर उठा ले गए घर के अंदर रखा 25 हजार रुपए नगद दो बोरी अनाज सोने के कान की बाली चैन पट्टी खाने पीने वा अन्य घरेलू सामान बेखौफ चोर उठा ले गए हैं घर के पीछे कपड़े बिखरे पड़े थे मामले की सूचना परिजनों को सुबह हुई है घर में चोरी की घटना देखकर परिजनों के होश उड़ गए हैं जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों का मजमा भी मौके पर लग गया है परिजनों के मुताबिक लगभग 70 हजार रुपए का सामान चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना पीड़ित परिजन ने थाना पुलिस को दिया है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और जाँच पड़ताल कर वापस लौट आई है खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है

### पौधा लगा कर समाजसेवी ने मनाया जन्मदिन



**करारी कौशांबी।** पेड़-पौधे हमें आक्सीजन देते हैं और वातावरण को शुद्ध रखते हैं। इसलिए हमें अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह सन्देश समाजसेवी भूपेंद्र विश्वकर्मा ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करते हुए दिया है भूपेंद्र विश्वकर्मा ने अपने जन्मदिन पर हर साल दोस्तों अपनी संस्था के लोगों के साथ मिलकर पौधारोपण करते हैं। समाजसेवी भूपेंद्र ने कहा कि हम सब संकल्प लें कि हर जन्मदिन पर एक पौधा लगाएंगे। जब सभी पेड़ों का महत्व समझेंगे, पौधरोपण के लिए आगे आएंगे, उन्हें बचाने के लिए आगे आएंगे, तभी पर्यावरण संरक्षण संभव है। राकेश बिजल्वाण ने कहा उन्हें बचपन से ही पेड़-पौधों से प्रेम है। बचपन में जब घर-परिवार व आसपास लोगों को तुलसी पूजा, वट वृक्ष, आमले, केले आदि पेड़-पौधों की पूजा-अर्चना करते देखता था तो मैंने बहुत से लोगों से जानना भी चाहा कि आखिर हम इन पेड़-पौधों की पूजा क्यों करते हैं।

### आगामी त्यौहार रक्षाबंधन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के संबंध में ग्राम प्रधान एवं सभ्रांत लोगों से पुलिस ने की वार्ता



**कौशाम्बी।** थाना चरवा प्रांगण में रविवार को 11 बजे क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों को बुलाकर पीस कमेटी की मीटिंग थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व आयोजित किया गया पीस कमेटी की बैठक में आगामी त्यौहार रक्षाबंधन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के संबंध में ग्राम प्रधान एवं सभ्रांत लोगों से पुलिस ने वार्ता कर क्षेत्र की स्थितियों की जानकारी ली और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। थाना स्तर पर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उसमें बीट आरक्षी बीट उप निरीक्षक चौकी प्रभारी थाना प्रभारी एव ग्राम प्रधान को जोड़ते हुए सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं छोटी सी छोटी घटनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु उन्हें सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया गया एवम ग्राम पंचायत में बने मिशन शक्ति केंद्र को नए सिरे से संचालित करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई।

### प्रजापति धर्मशाला कड़ा धाम में प्रजापति समाज की हुई बैठक




**कौशांबी।** कुंभकार मानव कल्याण समिति के द्वारा हरी लाल प्रजापति की अध्यक्षता में कडा धाम के प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति समाज की बैठक संपन्न हुई कार्यक्रम में संविधान के सदस्य डॉक्टर रत्नप्पा कुम्भार ,शाहिद रामचंद्र विद्यार्थी, प्रजापति संतराम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की अध्यक्ष एडवोकेट रविकांत प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज की विरासत है इस विरासत को बचाना हम सबका कर्तव्य बनता है उन्होंने आगे कहां की हम लोग 15 अगस्त को संकल्प लिए थे कि आने वाले 15 अगस्त तक प्रजापति धर्मशाला का निर्माण हो जाएगा उपाध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति ने कहा की एक लोग का धर्मशाला नहीं है यह पूरे कौशांबी प्रजापति समाज का धर्मशाला है धर्मशाला में तन मन धन से सहयोग करके इसको निर्माण किया जाए बैठक में राम प्रसाद प्रजापति ,ज्ञानचंद प्रजापति, बुधराम प्रजापति ,धर्मेंद्र प्रजापति ,सत्यम प्रजापति, अजय प्रजापति ,संतोष प्रजापति, राम अवतार प्रजापति, बच्ची लाल प्रजापति ,वीरेंद्र कुमार प्रजापति, राहुल प्रजापति ,मुन्नू प्रजापति, पुष्पा प्रजापति, राम अवध प्रजापति ,मिथुन चक्रवर्ती डॉक्टर भैया लाल प्रजापति, रामाअवध ,लल्लू प्रजापति,अंशु प्रजापति , रामाअवध लल्लू प्रजापति,अंशु प्रजापति हार्दिक सैकड़ो प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

### किशोरी को लेकर पड़ोसी युवक हुआ फरार

**करारी कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के कस्बे की एक महिला ने शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले का एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भागा ले गया। महिला ने बताया कि बेटी एक लाख रुपए कैश और जेवर भी साथ लेकर गई है।करारी थाने में महिला ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपनी बेटी के साथ खेत में काम करने गई थी तभी कुछ देर बाद लगभग सुबह 10 बजे दिन में घर जाने के लिए उसकी बेटी ने उससे चाभी मांग कर घर गई।इसी बीच मोहल्ले का युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भागा ले गया।

### इफको लाइसेंसी के तानाशाही से किसान परेशान

**कौशांबी।** किसानों को इफको उर्वरक उपलब्ध करने के लिए सरकार ने समितियो को जिम्मेदारी सौपी है लेकिन समितियो के जिम्मेदार इफको उर्वरक के साथ तमाम तरह की अन्य घटिया सामग्री किसानों को जबरिया दे कर उनसे मनमानी कीमत वसूल रहे हैं इफको यूरिया के साथ अन्य सामग्री ना लेने वाले किसानों को इफको लाइसेंस धारी द्वारा यूरिया खाद नहीं दी जाती है जिससे तमाम किसान परेशान है शिकायत करने के बाद भी इफको उर्वरक केंद्र संचालकों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। इफको उर्वरक केंद्र संचालक किसानों को केवल यूरिया देने से इनकार कर रहे है केंद्र संचालकों की मनमानी का यह खेल बीते कई वर्षों से बेखौफ तरीके से विभागीय अफसर के साठगाँठ से चल रहा है यूरिया उर्वरक के साथ में कुछ अन्य घटिया किस्म की सामग्री जबरिया लगा कर किसानों को देते हैं जो किसान केवल यूरिया लेना चाहे उसको केंद्र संचालक वापस लौटा देते है इफको लाइसेंस के साथ इफको उत्पाद बेचे जाने के नियमों के बाद भी केंद्र संचालकों की मनमानी पर रोक नहीं लग रही है तमाम तरह की नकली कृषि दवा भी इफको केंद्र संचालकों द्वारा बेची जा रही है इफको के लाइसेंस में इफको के आइटम के साथ तमाम तरह की कंपनियों के कीटनाशक सल्फर जिंक दवा इत्यादि भी केंद्र संचालकों के केंद्र पर मौजूद रहता है और घटिया क्वालिटी के सामानों में अधिक मुनाफा के चलते केंद्र संचालक किसानों पर जबरिया कीटनाशक दवाएं जिंक दवा आदि खरीदने को विवश कर रहे हैं जिससे किसान परेशान है और विभागीय अफसर मूकदर्शक बने हैं आखिर किसानों के ऊपर जबरिया कीटनाशक दवाएं सल्फर आदि बेचने वाले केंद्र संचालकों पर कार्यवाही करने से विभागीय अफसर क्यों हाथ खड़े कर रहे हैं मामले को लेकर इलाके के लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए इफको केंद्र संचालकों पर कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रक को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराया बाइक सवार

**कौशांबी।** कड़ाधाम कोतवाली क्षेत्र के शीतला धाम निवासी मनजीत कुमार मोदनवाल उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र नेमचंद मोदनवाल शनिवार की रात लगभग 9 बजे गिरधरपुर गढ़ी गांव से बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे जैसे ही मनजीत शरीफाबाद के पास पहुंचे सामने से आ रही अनियंत्रित तेज गति ट्रक को बचाने के चक्कर में उन्होंने अपनी बाइक को सड़क किनारे उतरने की कोशिश की लेकिन सड़क कटी होने से उनकी बाइक फिसल कर पेड़ से जा टकराई इस हादसे में मनजीत को गंभीर चोटें आई है उन्हें इलाज के लिए जनपद मुख्यालय के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है सवाल उठता है कि यदि सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होंगे विभागीय लापरवाही भ्रष्टाचार से सड़क कटकर बह जाएगी और दुर्घटना होगी तो इसमें किसकी जिम्मेदारी होगी इसका जवाब देने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तैयार नहीं है। सड़क दुर्घटना में घायल की सूचना पुलिस को दी गई है।

# दिवंगत मुख्य आरक्षी को उनके परिवारीजनों एवं एसपी ने नम आंखों से दी विनम्र श्रद्धांजलि



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी क्षेत्रान्तर्गत सैनी बस अड्डे के पास 26 अगस्त को वाहन दुर्घटना में हेड कॉन्स्टेबल बलबीर प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी पूरे रानी किठांवा थाना सलोन जनपद रायबरेली जो कि वर्तमान में जनपद कौशांबी में डायल 112 में नियुक्त थे सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। पुलिस लाईन कौशांबी में दिवंगत मुख्य आरक्षी को उनके परिवारीजनों एवं पुलिस अधीक्षक कौशांबी सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नम आँखों से विनम्र श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशांबी द्वारा परिजनों को ढांढस बंधाया गया एवं उनकी हर प्रकार से मदद हेतु आश्वस्त किया गया।



### दिवंगत हेड कांस्टेबल को साथी सिपाहियो ने सैनी में दी श्रद्धांजलि

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के बस अड्डे के नजदीक शनिवार को सड़क हादसे में हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह यादव की मौत पर पुलिस महकमा गमगीन नजर आया। रविवार को हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह यादव का शव पोस्टमार्टम के बाद सैनी चौराहे पहुंचने पर साथी पुलिस कर्मियो ने दिवंगत हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह को श्रद्धांजलि दी सिपाही की मौत के बाद महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव दिवंगत हेड कांस्टेबल के पैतृक गांव राय बरेली जनपद के सलोंन के रानीपुर किठावा ले जाया गया जहां सैनी में पुलिस कर्मियों ने आरक्षी के शव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आरक्षी विवेक सिंह विकास सोनी राजू विमल, योगेंद्र सिंह, मनोज रावत, रत्नाकर विनीत कुमार फालोवर भोला सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### शराब सेल्समैन ने लोहे के रॉड से ग्राहक को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेगाई चौराहे पर स्थित शराब की दुकान के सेल्समेन ने ग्राहक को लोहे के रॉड से पीट दिया है जिससे ग्राहक को गंभीर चोटें आई है घायल ग्राहक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मडूकी निवासी पप्पू पुत्र बेंचूलाल रविवार शाम को करीब साढ़े पांच बजे कोखराज थाना के टेंगाई चौराहे पर स्थित देशी शराब की दुकान में शराब खरीदने गया हुआ था शराब खरीदते वक्त पप्पू की दुकान में बैठे सेल्समैन सत्यजीत पुत्र दुलारे से शराब का रेट से अधिक दाम मांगने पर विवाद हो गया ।जिस पर गुस्साए सेल्समैन ने ग्राहक पप्पू को लोहे की राड से मारना शुरू कर दिया आस पास रहे लोगों ने बीच बचाव करते हुए पुलिस को फोन कर दिया। मौके पर पहुंचे शहजादपुर चौकी प्रभारी ने घायल पप्पू को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दबंगों ने बुजुर्ग को लाठी डंडे से पीटा

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के अटसरई गांव मे जमीनी विवाद के चलते दबंगो ने बुजुर्ग को लाठी डंडे से पीट कर लहुलूहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरई गांव निवासी राधेश्याम ने रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर पड़ोस के दर्जन भर लोगों ने लाठी डंडे से उस पर हमला बोल दिया और मारपीट कर उसे घायल कर दिया। गांव के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया इस दौरान उसके सिर वा हाथ पैर में चोटें आई हैं तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

# दिव्यांगजनों को अंगवस्त्र ओढाकर किया गया सम्मानित

## पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** उदयन सभागार में जनपद के दिव्यांगजनों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात को सांसद ने सुना तथा दिव्यांगजनों को अंगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया सांसद ने दिव्यांगजनों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को मन की बात का कार्यक्रम किया जाता है। जहाँ एक ओर केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार गरीब, मजदूर, किसान, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए जनकल्याणकारी योजनायें संचालित करने का निरन्तर कार्य कर रही है तथा देश की आन-बान एवं देश के स्वर्णिम विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रही है, वही साथ-ही साथ दिव्यांगों के कल्याण के लिए भी निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकलांगों को दिव्यांग नाम देकर देश दुनियॉ को प्रेरित किया, जिसका परिणाम है कि विश्व के अधिकतर देशों में विकलांगों को दिव्यांगजन कहा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दिव्यांगो को रुपए 500 पेंशन दी जाती थी, उनके द्वारा संसद में 500 रुपए की पेंशन बढाकर रुपए एक हजार करने का मुद्दा उठाये जाने पर पेंशन की राशि एक हजार किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक जनपद के बहुत से दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण, उनके प्रयास से वितरित किये गये तथा कौशाम्बी महोत्सव में 2050 से ज्यादा दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये गये, आगे भी इसी प्रकार से दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये जायेंगें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना एवं दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यवसाय करने के लिए रुपए दस हजार अनुदान पर ऋण दिया जाता है। प्रधानमंत्री ने यूडीआईडी योजना शुरू की है, जिसमें देश के दिव्यांगों का डाटा एकत्र करने का कार्य किया जा रहा है, इससे काफी समस्याओं का समाधान, नीतियॉ बनाने एवं दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए योजनायें बनाने में सुगमता होगी उन्होंने समाज के सभी लोगों से आवाहन किया कि दिव्यांगजनों का सहयोग एवं सम्मान करें। दिव्यांगजन अपने उत्कृष्टि कार्यो से देश व समाज का नाम रोशन करने का कार्य करते है प्रधानमंत्री ने आदेश जारी किया है कि पात्र दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री आवास सहित आदि योजनाओं से लाभान्वित किये जाने में प्राथमिकता दिया जाय। उन्होंने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जाय इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा पूर्व अध्यक्ष प्रेम चैधरी, प्रतिनिधि अध्यक्ष, जिला पंचायत जितेन्द्र सोनकार, भूपेन्द्र पटेल जय प्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में नवनिर्मित किड्स जोन का उद्धाटन एवं शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एनडी. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में 27 अगस्त को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के इस अवसर पर नवनिर्मित किड्स जोन का उद्धाटन हुआ एवं बच्चों को शुद्ध पानी पीने के लिए आरओ वाटर प्लांट का उद्धाटन हुआ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के मुख्य अवसर पर सबसे पहले संस्थान के प्रबंधक पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना वंदना किया बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान एक से एक प्रोग्राम की प्रस्तुति किया कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, पैट्रियोटिक मैशअप, आदि प्रोग्राम जो की सकारात्मक संदेश देने वाले थे सारे प्रोग्राम को देखकर के सभी अभिभावकों ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा किया। अभिभावकों ने अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम को देखकर के भाव विभोर होते हुए कहा कि यह संस्थान कौशांबी जिले का नंबर वन संस्थान है यहां पर बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वास्तविक तौर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जो जो आवश्यक चीज होनी चाहिए वह सब एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में उपलब्ध है संस्थान के प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है मैं अपने सभी संस्थाओं में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर वह आवश्यक कदम उठाऊंगा जो बच्चों के उज्जवल भविष्य को आधारशिला प्रदान कर सके उन्होंने आज आयोजित सेमिनार में अभिभावकों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा एवं परिचर्चा किया संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा वह माध्यम होता है जो किसी भी समाज की दशा और दिशा को परिवर्तित कर सकता है इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा किडजी प्रिंसिपल नेहा गुप्ता मयंक जायसवाल राजेश श्रीवास्तव शैलेंद्र सिंह सुमन कुशवाहा श्वेता पांडे नितेश सिंह सिमरन वर्मा प्रीति दुबे रुखसार मैडम, बद्री विशाल शुक्ला आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



अभिभावकों से संवाद करते विद्यालय चेयरमैन पूर्व विधायक संजय गुप्ता



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के शिक्षक अभिभावक और छात्र

संपादक की कलम से

# कृषि नीति के बुने जाल में उलझा है देश

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस की कमान हाथ में आने के बाद जिस तरह से कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने राहुल-प्रियंका के क्रमशः अमेठी-वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर राग छेड़ा है, उससे पार्टी के कार्यकताओं में नया जोश भर गया है। यहां तक कि कांग्रेस आलाकमान को भी लगने लगा है कि उसने यूपी कांग्रेस की जिम्मेदारी अजय राय को सौंप कर तीर निशाने पर मार दिया है। सपा के आईएनडीआई गठबंधन और अजय राय के धमाकेदार अंदाज के सहारे कांग्रेस एक बार फिर से यूपी में अपनी खोई जमीन को मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है। वैसे यह प्रयोग कोई नया नहीं है, 2017 के विधान सभा चुनाव में भी इसी तरह का गठबंधन हुआ था, मगर यूपी के वोटरों को यह साथ पसंद नहीं आया था। इसलिए राजनैतिक पंडित इस बार भी गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। परंतु इसके उलट इस बार कांग्रेस की नजर यूपी की ऐसी एक चौथाई सीटों पर है, जिन पर पार्टी अपने आप को मजबूत स्थिति में समझती है। खैर, कांग्रेस के दावों से अलग बात की जाए तो उसके (कांग्रेस) लिए सबसे बड़ी चिंता यूपी में घटते हुए जनाधार की है। ऐसे में जब एनडीए को हराने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन के साथ कांग्रेस आगे बढ़ रही है तो पार्टी का फोकस उन सीटों पर है, जहां पार्टी पिछले चुनाव में दूसरे या तीसरे स्थान पर रही थी। कांग्रेसियों का कहना है कि करीब दो दर्जन लोकसभा सीटों पर पार्टी अपनी दावेदारी ठोक सकती है। इनमें रायबरेली व अमेठी के साथ वाराणसी, महाराजगंज, कुशीनगर, फैजाबाद, डुमरियागंज, बांसगांव, गोंडा, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, खीरी, कानपुर, उन्नाव, प्रतापगढ़, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फरुर्खाबाद, बाराबंकी व मुरादाबाद जैसी सीटें शामिल हैं। बात पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों की कि जाए तो कांग्रेस का सबसे बेहतर प्रदर्शन 2009 में ही रहा था। आज सिर्फ सोनिया गाँधी की एक लोकसभा सीट वाली कांग्रेस ने 2009 में 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी। तब इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया गया था। 2009 में कांग्रेस द्वारा जीती गयी सीटों में अमेठी, रायबरेली, मुरादाबाद, धौराहरा, उन्नाव, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फरुर्खाबाद, कानपुर, अकबरपुर और झांसी जैसी सीटें शामिल थीं। पार्टी चाहती है कि एक बार फिर से इन सीटों पर अपनी पूरी ताकत लगाई जाए। कांग्रेस का फोकस सीट के जातीय समीकरण के साथ पार्टी के पूर्व के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है। 2009 के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबरदस्त झटका लगा था और कांग्रेस सिर्फ अपनी दो परंपरागत सीटों- रायबरेली व अमेठी में ही जीत हासिल कर सकी थी। 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस की सिर्फ एक सीट ही रह गई थी। इन चुनावों में सपा-बसपा के गठबंधन की वजह से कांग्रेस ने कई सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे, जबकि कई सीटों पर कांग्रेस तीसरे नबंर पर रही थी। रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, खीरी, उन्नाव, फरुर्खाबाद, बाराबंकी, फैजाबाद, डुमरियागंज, बस्ती व कुशीनगर में भी कांग्रेस के प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे थे। अमेठी में राहुल गांधी व कानपुर में श्रीप्रकाश जायसवाल दूसरे स्थान पर रहे थे। र ायबरेली की सीट कांग्रेस के खाते में इसलिए आई थी क्योंकि अमेठी के साथ-साथ यहां से सपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। इसके बावजूद राहुल गांधी अमेठी से हार गए थे। बहरहाल, कांग्रेस भले ही उत्तर प्रदेश में बड़ी उड़ान के सपने देख रही है, लेकिन यह मिशन समाजवादी पार्टी के बिना पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है, ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या समाजवादी पार्टी का नेतृत्व कांग्रेस की उम्मीद के अनुसार उसे लोकसभा की सीटें दे देगा। अगर नहीं देगा तो गठबंधन में दरार भी पड़ सकती है। ऐन मौके पर यदि बसपा भी इस गठबंधन में शामिल हो गई तो वह भी इससे कम सीटें अपने लिए नहीं चाहेगी।

# उत्तर प्रदेश की बदल रही है तस्वीर...लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

**उमेश चतुर्वेदी**



**इसे** बिडंबना नहीं तो क्या कहेंगे कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का उपजाऊ मैदानों के बावजूद उत्तर प्रदेश की ख्याति बीमारू यानी रोगी राज्य के रूप में रही। उत्तर प्रदेश राजनीतिक रूप से बेहद सचेत लोगों का भी राज्य रहा है। माना जाता है कि जिस इलाके की जनता राजनीतिक रूप से ज्यादा सचेत होती है, वहां विकास की धारा बहती रहती है। माना तो यह भी जाता है कि प्रभावी राजनीति जिस इलाके का प्रतिनिधित्व करती है, उस इलाके में विकास की गति अपने आप तेज हो जाती है। उत्तर प्रदेश प्रभावी राजनीति का भी केंद्र रहा है। देश को उसने आठ प्रधानमंत्री दिए, जिनमें से छह की जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश की माटी रही है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश अपनी अराजक संस्कृति और भ्रष्टाचारी शासन व्यवस्था के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। लेकिन अब इसी उत्तर प्रदेश की छवि बदलने लगी है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को दिया जा सकता है। जिसकी वजह से ना सिर्फ यहां के अराजक माहौल में बदलाव आने लगा है, बल्कि इस राज्य को अब उद्योग और कारोबार के लिए मुफीद माना जाने लगा है। अस्सी के दशक में जब उत्तर प्रदेश के ही संसदीय नुमाइंदे राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बीमारू राज्य की परिकल्पना पेश की थी। बीमार यानी रूग्ण से प्रेरित यह बीमारू शब्द बुनियादी रूप से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा था। इन्हीं में से तीन राज्य अलग होकर अब सात राज्य हो गए हैं। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अपने मूल राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार से अलग होने के बावजूद जितनी तेज तरक्की की उम्मीद की जा रही थी, वैसी नजर नहीं आ रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश इनमें से अलग राह पर चलता दिख रहा है। निश्चित तौर पर इसके लिए योगी आदित्यनाथ की कड़क और कुशल शासन व्यवस्था को श्रेय दिया जा सकता है। किसी भी राज्य में कारोबार और उद्योग कब पनपता है, जब वहां की कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होती है, वहां बुनियादी ढांचा मसलन सड़क, बिजली और पानी की सहूलियत होती है। इसके साथ ही मेडिकल यानी चिकित्सा सुविधा भी बेहतर होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश में बिजली छोड़ सारे संसाधन थे, लेकिन कानून-व्यवस्था बेहद लचर थी। अराजक व्यक्तियों और समूहों के इशारे पर ही जैसे राज्य की कानून-व्यवस्था चलती थी। राजनीति एक तरह से उनकी पिछलग्गू थी। बिजली राज्य की राजधानी लखनऊ और कुछ-एक वीआईपी माने जाने वाले शहरों में ही होती थी। बाकी समूचा राज्य बिजली की आंख-मिचौनी देखता था। सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की मनमानी चलती थी। लेकिन साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले कानून-व्यवस्था की हालत की तरफ ध्यान दिया। ऐसा नहीं कि योगी के प्रयासों से कानून- व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश स्वर्ग बन गया है। लेकिन यह भी सच है कि कानून का भय अब अराजक समूहों में आया है। सड़कें दुरुस्त हुईं हैं। हालांकि छोटे इलाकों और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बिजली की हालत भी ठीक हुई है। अब समूचे प्रदेश में बिजली है। इसका असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। अब शेयर बाजार में उत्तर प्रदेश के निवेशक छा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डीमैट अकाउंट का आंकड़ा करीब 12 करोड़ हो चुका है। 23 करोड़ की जनसंख्या वाले राज्य में 12 करोड़ खातों के जरिए शेयर बाजारों में दस्तक देना मामूली बदलाव नहीं है। बीते अप्रैल तक के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में इक्विटी ट्रेंड की वजह से 1.26 लाख नए निवेश जुड़े हैं। दिलचस्प यह है कि यह आंकड़ा शेयर कारोबारियों की राजधानी मुंबई वाले महाराष्ट्र राज्य के मुकाबले ज्यादा हो चुका है। आंकड़ों पर ध्यान दें तो बीते अप्रैल में महाराष्ट्र में जहां 1.18 लाख नए निवेशक ही जुड़े, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा करीब 1.26 लाख रहा। राज्य के बदलते बुनियादी ढांचे और बेहतर होती कानून-व्यवस्था का ही असर कहा जाएगा कि बीती फरवरी में हुए निवेशक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कभी इलाहाबाद, आगरा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय समेत राज्य के तमाम विश्वविद्यालय अराजकता के पर्याय माने जाते थे। हालांकि इनका गौरवशाली अतीत रहा है। भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में इन विश्वविद्यालयों का सार्थक हस्तक्षेप रहा है। लेकिन राजनीतिक संस्कृति बदलने से बाद के दिनों में उत्तर प्रदेश शैक्षिक रूप से पिछड़ता जा रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य बदलने लगा है। स्कूली स्तर पर भी पढ़ाई की रेल पटरी पर आने लगी है। इसका असर इस साल की नीट की परीक्षाओं के नतीजे पर भी दिखा। इस बार इस परीक्षा में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के ही विद्यार्थी कामयाब हुए हैं, जिनकी संख्या करीब 1.39 लाख है, जबकि महाराष्ट्र के 1.31 लाख और राजस्थान के एक लाख से कुछ ही अधिक छात्र सफल रहे। योगी राज के छह सालों में राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में 60 लाख विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में पहले गिने-चुने मेडिकल कॉलेज ही थे। लेकिन योगी शासन में एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना की गई और वह अब साकार होती नजर आ रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, विशेषकर गोरखपुर के आसपास हर साल दिमागी बुखार से सैकड़ों बच्चों की हृदयद्रावक मौत होती थी। लेकिन योगी शासन में इस पर काबू पाने की कोशिशें तेज हुईं और अब स्थिति बेहद काबू में है। आज हालात यह है कि दिमागी बुखार पर 98 फीसदी तक काबू करके बहुमूल्य जीवन बचाने में सफलता हासिल की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का मैदान है। ये नदियां राज्य की जीवन रेखा ही नहीं, खेती-किसानी का सांस्कृतिक जरिया भी हैं। जनसंख्या घनत्व ज्यादा और प्रति व्यक्ति जोत कम होने के बावजूद आज स्थिति यह है कि राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन 20 फीसद अकेले कर रहा है। इसकी बड़ी वजह है, राज्य में कृषि उपज के मूल्यों में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी। 2017 में योगी सरकार के शासन में आने के बाद एमएसपी के तहत किसानों की कृषि लागत का डेढ़ गुना रकम दिया जा रहा है। राज्य की खेती-किसानी सदियों से मशहूर रही है। विशेषकर गन्ना की खेती के मामले में राज्य एक दौर में शीर्ष पर रहता था। हालांकि बाद के दिनों में हालात बदलते गए। लेकिन इस मामले में राज्य ने एक बार फिर बाजी मारी है। इसकी वजह है कि राज्य में गन्ना खरीद नीतियों में बदलाव लाया गया। जिसका फायदा किसानों को मिल रहा है। यही वजह है कि राज्य देश के कुल गन्ने का 44.50 प्रतिशत की पैदावार कर रहा है। इस मामले में भी महाराष्ट्र 25.45 प्रतिशत पैदावार के चलते दूसरे नंबर पर जा पहुंचा है। बुनियादी ढांचा के मामले में भी पिछले छह सालों में राज्य ने काफी कुछ हासिल किया है। राज्य में पांच एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। वहीं 13 एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी है। साल 2017 में राज्य में सिर्फ दो लखनऊ और वाराणसी हवाई अड्डे ही संचालित हो रहे थे, लेकिन आज राज्य के नौ शहर हवाई मार्ग से जुड़ गए हैं। केंद्र सरकार की योजना के अनुसार मौजूदा वर्ष यानी साल 2023-24 के आखिर तक राज्य में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को चालू करने की तैयारी है। नोएडा का जेवर हवाई अड्डा भी तेजी से बनाया जा रहा है। हालांकि इसे एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इसी तरह अयोध्या धाम में भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। केंद्र सरकार की कोशिशों और योगी सरकार के सहयोग से देश का नंबर वन वाटरवे वाराणसी से पश्चिम बंगाल के हल्दिया के बीच में चालू हो चुका है।

उत्तर प्रदेश अयोध्या, काशी, प्रयाग, चित्रकूट, नैमिषारण्य जैसे तमाम तीर्थों और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्रों का भी राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर काशी का उद्धार हो चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और नई काशी आज दुनिया को लुभा रही है। इसका असर वाराणसी में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार बढ़ने के रूप में दिख रहा है। काशी देश के सर्वाधिक श्रद्धालुओं वाला शहर बनता जा रहा है। जिस तरह से अयोध्या का विकास हो रहा है, कुछ साल बाद वहां भी दुनियाभर के सैलानियों की आवक बढ़ेगी।

इसे योगी मॉडल की कामयाबी ही कह सकते हैं कि छह साल में राज्य की जीडीपी व प्रति व्यक्ति आय दोगुना हो चुकी है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले पांच साल में भारत को पांच खरब डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने पर जोर दे रहे हैं, वहीं योगी शासन में साल 2027 तक राज्य को एक खरब की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका यह मतलब नहीं कि सबकुछ ठीक ही है।

# केवल कानून बदलने से नहीं थम जाएंगे अपराध

**योगेंद्र**

**केंद्र सरकार** ने संसद में भारतीय दंड विधान को बदलने और उनमें आमूल-चूल परिवर्तन वाले लाने वाले विधेयकों को पेश किया है। सरकार ने तीनों संहिताओं- भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) में बदलाव का मसौदा रखा है और सभी नए कानूनों को इनसे बदला जाएगा। सवाल यही है कि क्या सिर्फ कानून बदलने से अपराध के हालात बदल जाएंगे। निर्भया केस इसका उदाहरण है। उस मामले के बाद कानून कठोर कर दिया गया। पोक्सो एक्ट लाया गया। दुष्कर्म और हत्या के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया। फिर भी देश में ऐसे जघन्य अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है। चीन और ईरान सहित कई देश इसके उदाहरण हैं, जहां हर साल बड़ी संख्या में मृत्युदंड दिया जाता है। इसके बावजूद इन देशों में अपराध नहीं थम रहे हैं। चाहे चीन हो या भारत, अपराधों की जड़ कहीं ओर है और निदान कहीं और ढूँढ़ा जा रहा है। वर्ष 2022 में दुनिया में 883 लोगों को मौत की सजा दी गई जो 2021 से 53 फीसदी ज्यादा है और पांच साल में सबसे अधिक है। एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान और सऊदी अरब में मौत की सजाओं में हुई बड़ी वृद्धि के चलते खासतौर पर एशिया में मौत की सजा में इतनी अधिक बढ़ोतरी देखी गई है। निर्भया दुष्कर्म और हत्या प्रकरण के बावजूद देश में दुष्कर्म और हत्या की वारदातों में कमी नहीं आई। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट मुताबिक, देश में रोजाना औसतन 86 रेप के मामले दर्ज हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, साल 2021 में बालिग महिलाओं के साथ बलात्कार के कुल 28 हजार 644 मामले दर्ज हुए तो वहीं नाबालिगों के साथ 36 हजार 069 घटनाएं हुईं। पिछले 5 साल के आंकड़ों की तुलना में नाबालिग महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। कानून में कितने ही संशोधन हो जाएं, जब तक जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी, अपराधों पर अंकुश नहीं लग सकेगा।

गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे नेताओं का राजनीति से बहिष्कार नहीं होगा, तब देश में अपराध सुधार की दिशा में किए गए तमाम प्रयास बेमानी साबित होंगे। देश में वर्तमान में कुल 4001 विधायक हैं, जिसमें से 1,777 यानी 44 फीसदी नेता हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे अपराधों में लिप्त रहे हैं। वहीं वर्तमान लोकसभा में भी 43 फीसदी सांसद आपराधिक मामलों में घिरे हैं। करीब 23 साल पहले वर्ष 2004 में यही संख्या 22 फीसदी थी, जो कि अब दोगुनी हो गई है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि हमारी कानून प्रणाली गरीब और हाशिए पर मौजूद लोगों को लेकर पक्षपाती है। हालात यह हैं कि गरीब और पिछड़ों को अमीर लोगों के मुकाबले ज्यादा कड़ी सजा मिलती है। अपराध को रोकने के लिए जो सर्वाधिक बुनियादी चीज है वह है बुनियादी सुविधाएं, जब तक आम लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलेगी तब तक अपराधों पर लगाम लगाना बहुत मुश्किल है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने लॉ कमिशन की मदद से पिछले 15 सालों में मौत की सजा पाए 373 दोषियों के इंटरव्यू के डेटा को स्टडी किया गया। जिसमें पाया गया कि इनमें तीन चौथाई पिछड़ी जातियों और धार्मिक अल्पसंख्यक वर्गों से थे। 75 फीसदी लोग आर्थिक रूप से कमजोर तबके से थे। गरीब, दलित और पिछड़ी जातियों के लोगों को हमारी अदालतों से कठोर सजा इसलिए मिलती है, क्योंकि वे अपना केस लड़ने के लिए काबिल वकील नहीं कर पाते। आतंक से जुड़े मामलों के लिए सजा पाने वालों में 93.5 प्रतिशत लोग दलित और धार्मिक अल्पसंख्यक हैं।

इसके विपरीत देश के बड़े गैंगेस्टर दर्जनों मुकदमे दर्ज होने के बावजूद भी वे अदालत से छूट जाते हैं। जब तक पूरी प्रक्रिया में सुधार नहीं होगा तब तक अपराध नहीं रुक सकते। अपराध रोकने के लिए न्याय का तौर-तरीका बदलने की जरूरत है। अपराध रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पुलिस बल है। जब तक पुलिस बल में अमूल चूल परिवर्तन नहीं होगा और पुलिस में जब तक राजनीति हस्तक्षेप बंद नहीं होगा तब तक अपराधों पर लगाम लगाना टेढ़ी खीर है। इसके अलावा आर्थिक विषमता, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करके ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। सिर्फ कानून की किताब में बदलाव से अपराधों के हालात नहीं बदलने वाले।

# यूपी की राजनीति में आज भी है अमरमणि का दबदबा

**अजय कुमार**

**अमरमणि** की रिहाई को उनकी बीजेपी से करीबी के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है। अमरमणि का गोरखपुर और आसपास के जिले में अच्छा दबदबा है।

अमरमणि त्रिपाठी के बारे में यह समझ लेना जरूरी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा से बाहुबली नेताओं का दबदबा रहा है। करीब 20 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में रहने वाली कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी को जेल से रिहा करने के अदालती आदेश से अमरमणि त्रिपाठी के प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है। अमरमणि की रिहाई की खबर आते ही राजनीति के गलियारों में भी हलचल बढ़ गई है। कुछ लोग अमरमणि की रिहाई को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देख रहे हैं। कहा जा रहा है कि अपनी रिहाई के बाद अमरमणि बीजेपी को फायदा पहुंचा सकते हैं। वैसे भी अमरमणि के बीजेपी के कई बड़े नेताओं से अच्छे संबंध हैं। राजनीति के जानकार योगी सरकार में अमरमणि की रिहाई को उनकी बीजेपी से करीबी के रूप में जोड़कर देख रहे हैं। अमरमणि का गोरखपुर और आसपास के जिले में अच्छा दबदबा है। अमरमणि त्रिपाठी के बारे में यह समझ लेना जरूरी है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा से बाहुबली नेताओं का दबदबा रहा है। अपने रसूख के दम पर ये 'माननीय' चुनावी बयार का रुख अपनी तरफ मोड़ने में माहिर होते हैं। पूर्वांचल के ऐसे ही एक कद्दावर नेता हुआ करते थे अमरमणि त्रिपाठी।

पूर्वांचल के 'डॉन' कहे जाने वाले हरिशंकर तिवारी के राजनीतिक वारिस रहे अमरमणि का जलवा कुछ ऐसा था कि सरकार चाहे भाजपा की रही हो या सपा-बसपा की, वह हर कैबिनेट का जरूरी हिस्सा हुआ करते थे। लगातार 6 बार विधायक रहे अमरमणि त्रिपाठी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने जेल में रहते हुए भी जीत हासिल की थी। बहरहाल, अपने समय के हाई प्रोफाइल कवयित्री मधुमिता शुक्ला के हत्याकांड के मामले में आरोपियों को सजा तब मिल पाई थी जब सीबीआई ने अपनी जांच में अमरमणि और मधुमणि को दोषी करार देते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। पूर्व मंत्री अमरमणि की ताकत और दहशत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस हत्याकांड के गवाह एक-एक कर मुकर गए थे। कवयित्री मधुमिता शुक्ला के परिवार वालों को भी धमकाया जा रहा था, जिसके चलते बाद में इस हाईप्रोफाइल मामले को यूपी से बाहर उत्तराखंड में स्थानांतरित कर दिया गया था। जहां अमरमणि त्रिपाठी और उसकी पत्नी को उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके पश्चात यह दंपत्ति यूपी और उत्तराखंड की जेल में रहे।

# ब्रिक्स के विस्तार से दुनिया में संतुलन बनेगा

**ललित गर्ग**

**ब्रिक्स** समिट दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है जिसमें अब छह देशों की सदस्यता देने पर सहमति बनी है, जिसमें सउदी अरब, यूएई, मिस्त्र, इथोपिया, अर्जेंटीना और ईरान शामिल हैं। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये।

फिलहाल दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी ब्रिक्स देशों में रहती है। एक क्वार्टर दुनिया की जीडीपी ब्रिक्स में है। इन्हीं सब वजहों से दुनिया के देशों को यह आकर्षित करता है और अभी फिलहाल 22 देशों ने इसका सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आनेवाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा। रूस और चीन की यह मंशा कही जा रही थी कि अमेरिका या पश्चिम को यह संदेश दिया जा सके कि पश्चिमी दुनिया को ब्रिक्स



चुनौती देगा। निश्चित ही ब्रिक्स की ताकत से एक संतुलन स्थापित हो रहा है और पश्चिमी देशों के अहंकार एवं दुनिया पर शासन करने की मंशा पर पानी फिरा है। हमारा भविष्य सितारों पर नहीं, जमीन पर निर्भर है, वह हमारा दिलों में छिपा हुआ है, दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा कल्याण अन्तरिक्ष की उड़ानों, युद्ध, आतंक एवं शस्त्रों में नहीं, पृथ्वी पर आपसी सहयोग, शांति, सह-जीवन एवं सद्भावना में निहित है। वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र इसलिये सारी दुनिया को भा रहा है। इसलिये बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए राजनैतिक हालात में सारे देश एक साथ जुड़ना चाहते हैं। अब ब्रिक्स देशों में छह नए देशों के शामिल हो जाने से ब्रिक्स देशों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 26 प्रतिशत हो जाएगी। ब्रिक्स के विस्तार का उद्देश्य पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाली वैश्विक व्यवस्था में एक काउंटरवेट के रूप में उभरना है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की पेचीदगी कह लीजिए या खूबसूरती, इसमें कदम-कदम पर विडंबनाएं और विरोधाभास देखने को मिलते हैं। सोचिए, एक तरफ चीन से मुकाबले के लिए भारत और अमेरिका साथ आए हैं, तो दूसरी तरफ ब्रिक्स में चीन और भारत, उन पश्चिमी देशों के दबदबे के खिलाफ एकजुट हैं जिनका प्रतिनिधित्व अमेरिका करता है। ब्रिक्स (ब्राजील, भारत, चीन, रूस व दक्षिण अफ्रीका) का संगठन ऐसा सपना है जिसे भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने भारत के विदेश मन्त्री के तौर पर 2006 में देखा था। सितम्बर 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासंघ की साधारण सभा में भाग लेने गये प्रणव दा ने तब इस सम्मेलन के समानान्तर बैठक कर-के भारत, रूस, चीन व ब्राजील का एक महागठबन्धन तैयार किया था जिसे शुरू ब्रिक कहा गया। प्रणव दा बदलते विश्व शक्ति क्रम में उदीयमान आर्थिक शक्तियों की समुचित व जायज सहभागिता के प्रबल समर्थक थे और पुराने पड़ते राष्ट्रसंघ के आधारभूत ढांचे में रचनात्मक बदलाव भी चाहते थे। इसके साथ ही वह बहुध्रुवीय विश्व के भी जबर्दस्त पक्षधर थे जिससे विश्व का सकल विकास न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अब इसमें इन्हीं महाद्वीपों के छह नये देश शामिल किये गये हैं। अब नरेन्द्र मोदी ने इसमें सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके दूरगामी एवं सूझबूझ भरे सुझावों का ब्रिक्स देशों ने लोहा माना है। ब्रिक्स ने अपने गठन से लेकर अब तक जो तरक्की की है उसकी उपलब्धि इसके क्षेत्रों की वह आपसी समझदारी रही है जिसके तहत उन्होंने आपसी हितों की सुरक्षा करते हुए विश्व को नया शक्ति सन्तुलन चक्र देने का प्रयास किया है। जबकि रूस, यूक्रेन के बीच पिछले डेढ़ वर्ष से चल रहा वह युद्ध है जिसे पश्चिमी देशों के सामरिक संगठन नाटो ने अनावश्यक रूप से पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना दिया है।

इस युद्ध के चलते पश्चिमी यूरोपीय देशों व अमेरिका ने रूस पर जिस तरह आर्थिक प्रतिबन्ध लगाये हैं उनसे दुनिया के देशों में आपसी कारोबारी भुगतान की नई समस्या ने जन्म लिया है जिसकी वजह से ये देश डालर के स्थान पर अपनी-अपनी मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था की सार्थकता को खोज रहे हैं। इसी वजह से ब्रिक्स सम्मेलन की समाप्ति पर दक्षिण अफ्रीका के मेजबान राष्ट्रपति श्री सिरिल रामाफोसा ने घोषणा की कि सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी है कि संगठन के देशों के विदेश मन्त्री व उनके केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों की एक बैठक बुलाकर यह विचार किया जाये कि क्या कारोबारी भुगतान के लिए देश अपनी-अपनी मुद्रा का प्रयोग कर सकते हैं? ऐसी वित्तीय प्रणाली विकसित होने से दुनिया में जिस नये वित्तीय ढांचे का निर्माण होगा उससे इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं सीधे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगी।

# एक्सप्रेस-वे के देवांगना से जुडने पर सीधे दिल्ली से जुडेंगे पाठावासीः सांसद

## सांसद ने पाठा क्षेत्र में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा के सांसद आरके सिंह पटेल ने मानिकपुर विधानसभा के पाठा क्षेत्र में जनता से सीधा संवाद किया। रुकमा खुर्द, ददरी माफी, लंका पुरवा व कर्का पड़रिया के झिलंग पुरवा में ग्रामीणों से सांसद ने संवाद कर कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जारी गरीब कल्याण योजनाओं किसान सम्मान निधि, वैश्विक महामारी कोरोना काल से लगातार तीन वर्षों से मुफ्त राशन व प्रत्येक पुरवा-मजरा में विद्युतीकरण, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे भरतकूप से बढ़ाकर देवांगना एयरपोर्ट तक बनने जा रहा है।



रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के देवांगना से जुडने पर पाठा क्षेत्र देश की राजधानी से सीधे जुड़ जाएगा। हर घर नल योजना से प्रत्येक परिवार को पीने योग्य पानी मिलेगा। सरकार का संकल्प है प्रदेश सरकार की योजनाओं से जनता लाभ ले। सामूहिक विवाह से लड़कियों की शादियां कराकर कर्ज से लोग बच सकते हैं। सरकार ने दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन में एक हजार रुपये प्रति माह दे रही है। सरकार महिलाओं को महिला समूह से स्वावलंबी बना रही है।

सांसद आरके सिंह पटेल ने भाजपा के वोटर चेतना महाअभियान का हिस्सा बनकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने को कहा। जहां एक ओर भारत का मान-सम्मान स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य देश के प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं, वहीं देश के वैज्ञानिक चंद्रयान-3 को चंद्रमा तक पहुंचा दिया है। देश के लिए प्राणों को न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांव में शिलापट लगाकर प्रधानमंत्री अपनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। आजादी के अमृत काल में अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है। इस मौके पर अतुल सिंह, गिरीश चतुवेर्दी, मिथिलेश कुमार, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रामू सिंह पटेल, राजेंद्र वर्मा, श्यामलाल कोल, गेंदालाल कोल, सुनील कोल, रामस्वरूप कोल, शिव अवतार कोल, तुलसी यादव, हरी गोपाल मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, शिवकांत पाण्डेय आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रेमी ने महिला को बहलाकर पति से दिलाई तलाक, प्रेमी पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने प्रेमी के बहकावे पर पति को तलाक दे दिया। तलाक देने के बाद महिला गर्भवती हो गई। गर्भवती महिला से अब प्रेमी शादी से इंकार कर रहा है। यहां तक प्रेमी महिला से किसी भी प्रकार से बात करने को भी तैयार नहीं है। महिला ने थाने में आरोपी प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला को डॉक्टरी परीक्षण का भेजा है।

रविवार को मानिकपुर थाने पहुंची 22 वर्षीय महिला ने बताया कि उसका विवाद 2019 में इसी जिले के एक गांव में हुआ था। स्थानीय युवक से प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी ने शादी का भरोसा दिया। उसके भरोसे पर पति से तलाक ले लिया। अब प्रेमी शादी से इंकार कर रहा है। आरोप लगाया कि उसके गर्भ में प्रेमी का पांच-छह माह का गर्भ पल रहा है। परेशान महिला ने थाने में प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पाठा के कपिल के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे जल्द पकड़ कर जेल भेजा जायेगा।

## सोमनाथ मन्दिर को निदेशक ने देखा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुरातत्व विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने सोमनाथ चर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मन्दिर को पर्यटन विभाग के साथ मिलकर विकास व जीर्णोद्धार के कार्य कराये जायेंगे।

रविवार को पुरातत्व विभाग के निदेशक रेनू द्विवेदी ने सोमनाथ चर मन्दिर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से पुनः मंदिर का निरीक्षण कराया जायेगा। इस मन्दिर को पुरातत्व विभाग को सौंपकर मन्दिर का विकास कराकर इसे पर्यटन से जोडा जायेगा। इस मौके पर क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ रामनरेश पाल, परहित सेवा संस्थान के पदाधिकारियों समेत ट्रस्ट के अध्यक्ष उमेश द्विवेदी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, सुसाइड नोट में की मां-बाप-बहन का ख्याल रखने की विनती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के खरौंध गांव के अखिलेश कोटार्य (22) पुत्र कुशल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। युवक ने आत्महत्या के पहले सुसाइड नोट तीस लाइनों का लिखा है।

आत्महत्या की ये घटना कोतवाली कर्वी क्षेत्र के खरौंध गांव में शनिवार की रात हुई।

बताया गया कि मृतक ने सुसाइड नोट में भाइयों से मां-बाप और छोटी बहन का ख्याल रखने की विनती की है। सुसाइड नोट आत्महत्या के कारणों का खुलासा कर सकता है। इस बाबत कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि आत्महत्या करने वाले युवक का शव पोस्टमॉर्टम को भेजा है। सुसाइड नोट में बड़े भाई एवं मां-बाप तथा छोटी बहन का ख्याल रखने की बातें लिखी है।

उन्होंने बताया कि अखिलेश ने आत्महत्या के पहले सुसाइड नोट में दशार्या है कि वह बहुत दिनों से आत्महत्या करना चाहता है, लेकिन कर नहीं पा रहा। बड़े भाई को लिखा कि मां-बाप और छोटी बहन का ख्याल रखना। सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी।

# बोर्ड में बहुमत से पास हुआ रामलीला का प्रस्ताव

## प्रान्तीयकृत होगा रामलीला, पुरानी कोतवाली व कचहरी रोड पर बनेंगी दुकानें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी के सभा कक्ष में अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में दूसरी बोर्ड बैठक में नगर के वार्डों के सदस्यों की मौजूदगी में सदन की कार्यवाही समेत अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

बोर्ड बैठक में नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने नगर की साफ-सफाई, पथ प्रकाश को चुस्त-दुरुस्त करने को पालिका के नव विस्तारित क्षेत्र समेत प्रकाश रहित क्षेत्रों में सडक व्यवस्था दुरुस्त करने व पालिका के विकास कार्यों को तकनीकी सलाहकार से रखे जाने का निर्णय लिया। उन्होंने धुस मैदान स्थित रामलीला मेला/दशहरा मेला को प्रान्तीयकृत मेला घोषित करने के प्रस्ताव पर सदस्य कान्हा एवं पवन बद्री ने आपत्ति दर्ज कराई, जबकि बीस



सदस्यों ने प्रान्तीयकृत रामलीला के पक्ष में निर्णय लिया। पुरानी कोतवाली के रिक्त परिसर में आधुनिक बाजार बनाने व बस स्टैण्ड की पालिका भूमि में आधुनिक बाजार मॉल बनवाने तथा ट्राफिक चैराहा से धतुरहा चैराहा तक उपलब्ध भूमि पर नई दुकाने बनवाने का फैसला हुआ। पुरानी दुकानों को ध्वस्त करने पर सदस्य बल्लूराम के प्रस्ताव पालिका विस्तारित क्षेत्र का सीमांकन करने को मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावों की पुष्टि की।

इन सभी कार्यों एवं पालिका के नियमित कार्यों को सुचारू ढंग से कराने को अधिशाषी अधिकारी एवं अध्यक्ष को अधिकृत किया। बैठक में पालिका के वार्ड मेम्बर सुखदेवी, रानी, नीतू सिंह, पवन कुमार, संदीप, राजकमल वर्मा, राजकुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार, सुनीता देवी, नीलम, हेमलता, अरुण कुमार, ओंकार कुमार, पूजा, मो लतीफ, बल्लूराम, कान्हा केशरवानी, शकुन्तला गुप्ता, अनुज निगम, शंकर यादव, शैलेन्द्र सोनी, शुभम केशरवानी, सुखरनिया देवी, विनीत पयासी समेत पालिका के अवर अभियन्ता संतोष सिंह राठौर, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रधान लिपिक कर्मोत्तम सिंह, राजस्व लिपिक प्रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लेखा लिपिक सुभाष गुप्ता, निर्माण लिपिक ज्ञान गुप्ता, सफाई लिपिक राजेन्द्रराम, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खां आदि मौजूद रहे।

## परिक्रमा मार्ग में चला स्वच्छता अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 83वें अभियान में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में साफ-सफाई की गई।

रविवार को ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ मनुष्य-स्वच्छ समाज की नींव रख सकते हैं। लोगों को अपने घरों के आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार का सराहनीय प्रयास है। सभी जुड़कर स्वच्छता पर कामतानाथ परिक्रमा में विशेष ध्यान दे रहे हैं। अपने आसपास सफाई रखना नैतिक जिम्मेदारी है। सभी को अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो जाए तो सभी जगह स्वच्छ दिखने लगेगी। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है। जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है, ये जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता ऐसा कार्य नहीं है जो दबाव में करना पड़े। ये आदत में शामिल होना चाहिए। आज के अभियान में नगर पालिका के राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, श्रवण कुमार, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, श्रवण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# नजूल भूमि पर बने घरों को उजाडने का मौखिक आदेश

## कैसे बन गया नजूल पर पीएम आवास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी की नजूल भूमि को अधिकृत कर प्रधानमंत्री आवास योजना से ढाई लाख रुपए का बंदरबाट करने की बाबत कौन जिम्मेदार है। पुरानी बाजार धुस मैदान सूचना विभाग की इमारत से सटी नजूल भूमि पर तमाम लोग घर बनाकर अरसा से रह रहे हैं। यहीं पर बृजलाल ने पीएम आवास योजना से पक्का घर बना लिया है। नजूल भूमि पर ये घर कैसे बन गया, खुद में एक प्रश्न चिन्ह है।

रविवार को समाजसेवी सावित्री श्रीवास्तव ने ये मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि दो विभागों की लापरवाही से नजूल भूमि पर पीएम आवास योजना से कैसे पक्का मकान बन गया। इसमें सरकारी धन का खुलेआम बंदरबाट हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी पर पालिका के धन का दुरुपयोग करने पर किस पर कार्यवाही होगी। धुस मैदान रामलीला मैदान के सामने पहले तो नजूल भूमि में बने घरों के हाउस टैक्स रसीद दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में



पात्रता सूची में डालकर ढाई लाख रुपये से आवास बनवाया गया। अब इस आवास को गिराने के साथ अगल-बगल रह रहे गरीबों को उजाड़ने का मौखिक फरमान पालिका ने जारी किया है। सवाल है कि प्रधानमंत्री आवास से नगर पालिका ने जांच बाद पात्रता रिपोर्ट लगाई है। पहले तो नजूल भूमि पर किस नियम के तहत पात्रता सूची में डालकर आवास को धन आवंटित कराया। आवास अधिकृत है तो अगल-बगल के भी आवास अधिकृत होने चाहिए। सिर्फ एक आवास को पात्र मानते हुए पात्रता सूची में डाला गया है।

सावित्री श्रीवास्तव ने कहा कि इसमें डूडा व नगर पालिका ने अवश्य सुविधा शुल्क लेकर पात्रता सूची में डाला है। इसका जिम्मेदार कौन होगा। शासन से ढाई लाख रुपये की बबार्दी का जिम्मेदार कौन होगा। पात्रता सूची की रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारी व डूडा से धन आवंटित करने वाले जिम्मेदार हैं। नजूल भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र चल रहा है।

## एसपी के निर्देश पर सात पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले सात लोगों के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे क्षेत्र में अराजकतत्वों में हलचल मची है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पहाडी थानाध्यक्ष ने गणेश सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी चैरा, छोटा, गेदी, चुन्नू पुत्रगण नन्दा निवासी ओरा, रामनरेश पुत्र शिवमंगल निवासी सभापुर, दादू पुत्र गजराज निवासी जरिहा व लालू यादव पुत्र राजाराम निवासी नांदी के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में हलचल मची है।

## भू-माफियाओं पर डीएम के तेवर सख्त, लेखपाल को जारी की नोटिस, अवैध प्लाटिंग पर गिर रही गाज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में भू-माफियाओं के काकस को तोडने को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के तेवर सख्त हो गये हैं। उन्होंने अवैध ढंग से प्लाटिंग करने वालों पर गाज गिराने का फैसला लिया है।



शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मलकाना रोड समेत तीन स्थानों पर बडी मालियत की बैनामा कराई जमीनों का निरीक्षण किया। वहां अवैध ढंग से प्लॉटिंग करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध ढंग से प्लाटिंग करने वाले तथा क्षेत्रीय लेखपाल को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कहा है कि लेखपाल ने अवैध प्लाटिंग की जानकारी क्यों नहीं दी। निरीक्षण में दो स्थानों पर स्टाम्प की कमी मिली। एक स्थान पर बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग करने के मामले में नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द पिछले एक साल से तीर्थक्षेत्र में सस्ती दरों पर जमीन खरीदकर अवैध ढंग से प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान छेडे हैं। जिला मुख्यालय समेत शहर से सटे क्षेत्रों में अवैध ढंग से प्लाटिंग का कारोबार चैपट सा कर दिया है। इससे आम लोगों को लाभ पहुंचा है। मेहनत से कमाई कर घर बनाने को जमीन खरीदने वाले लोग भू-माफियाओं के चक्कर में फंसने से बचे हैं। अब होने वाले बैनामे पूरी तरह से स्टाम्प अदाकर हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने कवीर्माफी, रानीपुर भट्ट एवं सीतापुर ग्रामीण में बड़ी मालियत के पंजीकृत बैनामों का मौके पर निरीक्षण किया।

# कोतवाली व पहाडी पुलिस ने छह वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में एक वांछित व एक वारंटी दबोचे गये।

रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआधार सिंह ने सिपाही दीपांकर सिंह व महिला सिपाही करुणा मिश्रा के साथ अपहरण व पाक्सो एक्ट के वांछित हर्षराज मिश्रा पुत्र अच्युत मिश्रा उर्फ राजाबाबू निवासी कलवलिया हाल मुकाम भौंरी थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया है।


कोतवाली कर्वी के दरोगा राकेश मौर्य ने सिपाही राजीव सिंह के साथ जानलेवा हमले के वारंटी बच्चा केवट पुत्र रामकिशोर निवासी भैरोपागा को गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में पहाड़ी थानाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार नागर की टीम ने चार वारंटी दबोचे हैं। पहाडी थाने के दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने सिपाही विपिन कुमार के साथ



मारपीट के मामले के वारंटी अजय पुत्र माताबदल निवासी सिकरिया को गिरफ्तार किया। थाने के दरोगा रविकान्त राय ने सिपाही नरेन्द्र कुमार के साथ मारपीट के वारंटी कल्लू पुत्र जरैला उर्फ जरैइया, जयनारायण ठाकुर पुत्र गोली ठाकुर निवासी चैरा को गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के ही दरोगा परशुराम यादव ने सिपाही महेन्द्र शुक्ला व विकेश कुमार के साथ चोरी-माल बरामद मामले तथा खनिज अधिनियम के वारंटी गौलाल पुत्र चुनवा निवासी पथरामानी को गिरफ्तार किया है।

## प्रधान-सचिव की लापरवाही आई सामने, कोटा कंदैला के गौशाला में भूख-प्यास से तडप रहे गौवंश




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र में गौवंशों को लेकर प्रधान व सचिव की लापरवाही फिर सामने आई है। गौवंशो को लेकर सरकार चाहे जितने भी दावे व वायदे कर ले, गौशालाओं में चाहे जितनी व्यवस्था करवा दे, जमीनी हकीकत में प्रधान-सचिव सरकार के दावों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं।

रविवार को मानिकपुर ब्लाक के कोटा कंदैला की गौशाला का मामला सामने आया है। कड़क धूप में गौवंश ताले के अंदर भूखे-प्यासे तड़प रहे हैं। गौवंशों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। इन्हें बाहर ले जाकर चराने को भी कोई जिम्मेदार नहीं है। इससे गौवंश भूख, प्यास व धूप में तड़प रहे हैं। इन सब लापरवाही का जिम्मेदार कौन है।

विकासखण्ड अधिकारी व प्रधान ने कहा कि इक्यासी टैग गौवंश गौशाला में रखे हैं। ग्रामीणों की माने तो बिना टैग के गौवंश गौशाला में हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी ने कल टैग करने को कहा है। प्रधान ने बताया कि गांव के लोगो ने गौवंशों को जबरियां गौशाला के अंदर करके ताला बंद कर दिया है।

